आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अख़बार — यश भारत — 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 6- ● जबलपुर ● शनिवार, 5 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in




## यूएई में भारत को बड़ी कामयाबी

# 29 साल बाद प्रमुख साजिशकर्ता अबू बकर शिकंजे में

**दुबई ।** खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय खुफिया एजेंसियों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। साल 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट का मोस्ट वांटेड आरोपी यूएई में अरेस्ट हो गया है। इस आतंकी का नाम अबू बकर अब्दुल गफूर शेख है और उसने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में विस्फोटकों की ट्रेनिंग ली है। वह दाऊद इब्राहिम के दुबई स्थित घर पर रहकर भारत के खिलाफ साजिश रच रहा था। मुंबई ब्लास्ट में 257 लोग मारे गए थे और 713 लोग घायल हो गए थे।अबू बकर साल 1993 में हुए मुंबई बम विस्फोटों के मुख्य साजिशकर्ताओं में शामिल है। वह यूएई और पाकिस्तान में रहता था। अबू बकर को हाल ही में यूएई में अधिकारियों ने भारतीय खुफिया सूचना के बाद अरेस्ट किया है। अबू बकर को साल 2019 में भी एक बार पकड़ा गया था। हालांकि वह कुछ कागजात का हवाला देकर यूएई के अधिकारियों की हिरासत से बच निकला था। इंडिया टूडे की खबर के मुताबिक अब भारतीय एजेंसियां अबू बकर को प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही हैं।



शीघ्र ही भारत लाया जाएगा अबू बकर

अबू बकर पिछले 29 साल से भारतीय एजेंसियों के मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। अब यूएई से लाकर उसे कानून के कठघरे में पेश किया जाएगा। अबू बकर माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम के गुर्गे मोहम्मद और मुस्तफा दोसा के साथ मिलकर तस्करी करता था। वह खाड़ी देशों से सोना, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक सामान तस्करी करके मुंबई ओर अन्य जगहों पर लाता था। उसके खिलाफ साल 1997 में एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।अबू बकर का दुबई में कई बिजनस है। उसने एक ईरानी महिला से शादी कर रखी है जो उसकी दूसरी पत्नी है। शीर्ष खुफिया सूत्रों ने बताया कि अबू बकर को भारत वापस लाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उधर, माना जा जा रहा है कि माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम अभी भी पाकिस्तान में आईएसआई की निगरानी में छिपा हुआ है। पिछले दिनों पाकिस्तानी जांच एजेंसी एफआईए ने भी दाऊद के पाकिस्तान में होने के संकेत दिए थे।

# मप्र में कोरोना के मोर्चे पर राहत

**भोपाल, ।** देश के साथ-साथ प्रदेश में भी कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमण का प्रकोप कम होने लगा है1 शुक्रवार को प्रदेश में 5533 मरीज मिले हैं। कुल 78,071 सैंपलों की जांच में इतने मरीज मिले हैं। इस तरह संक्रमण दर 07 फीसदी रही। इससे एक दिन पहले प्रदेश में 79,016 सैंपलों की जांच में 6516 मरीज मिले थे और संक्रमण दर 8.2 फीसदी रही थी। लगातार पांच दिन से संक्रमण दर 10 फीसद से नीचे है। हालांकि शुक्रवार को प्रदेश में आठ मरीजों की मौत भी हुई है। इससे पहले लगातार दो दिन प्रदेश में नौ-नौ मरीजों की मौत हुई थी। राहत की बात यह है कि प्रदेश में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा घटते हुए 47 हजार के आसपास पहुंच गया है। यहां पर एक उल्लेखनीय बात यह भी है कि मध्य प्रदेश में अब तक मिले कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा शुक्रवार को 10 लाख के स्तर को पार कर गया। अब तक प्रदेश में कोरोना के कुल 10 लाख 582 प्रकरण सामन आ चुके हैं।

**मिले 5533 नए मरीज, संक्रमण दर 07 फीसदी**



### देश में कोरोना को मात देने वालों का आंकड़ा 4 करोड़ के पार

देश में बीते दिन 1,27,952 नए कोरोना केस मिले। इस दौरान 2,30,814 लोग ठीक हुए, जिससे अब तक रिकवर होने वालों का आंकड़ा 4,02,47,902 पर पहुंच गया। इस समय रिकवरी रेट 95.64प्रश है। अगर डेली पॉजिटिविटी रेट की बात करें तो यह 7.98प्रश है। वहीं, वीकली पॉजिटिविटी रेट 11.21प्रश है।

### अमेरिका में मौत का आंकड़ा नौ लाख पार

पूरी दुनिया में ओमिक्रॉन लहर के बीच अमेरिका में कोरोना महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 लाख के पार पहुंच गई है। वहां महामारी से विश्व में सर्वाधिक मौतें हुई हैं। इस बीच ब्रिटेन के महामारी विशेषज्ञों ने कोरोना की बड़ी लहरें आने की आशंका जताई है। पिछले दो सालों से कोरोना के दंश से बचे रहे प्रशांत महासागर क्षेत्र के कुछ देशों में से एक टोंगा में भी अब इस वायरस ने दस्तक दे दी है।

## उार प्रदेश में रामपुर में भीषण सड़क हादसा



**5 लोगों की मौत**

**रामपुर ।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक यह सड़क हादसा रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र में हुआ है, जहां एक गाड़ी के दुर्घटना होने से 5 लोगों की मृत्यु हुई। स्थानीय पुलिस को जैसे ही जानकारी मिली तो घटनास्थल पर पहुंची और मामले के बारे में पूरी जानकारी हासिल की। पुलिस ने बताया कि वाहन में 6 लोग सवार थे, जिनमें से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। SDM राजेश कुमार ने बताया, च्गाड़ी में 6 लोग सवार थे। ड्राईवर की हालत गंभीर है और उसे जि़ला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




## कश्मीर से लेकर नोएडा तक भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** कश्मीर, नोएडा और अन्य इलाकों में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.7 मापी गई। आज सुबह 9ः45 बजे आए भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में रहा। अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। नोएडा के कुछ लोगों ने ट्वीट किया कि कम से कम 20 सेकेंड तक जमीन हिलती रही। दिल्ली में भी लोगों ने भूकंप के झटके महसूस करने की बात कही है। एक शख्स ने बताया, मुझे लगा कि मेरा सिर घूम रहा है। जब मैंने पंखे की तरफ देखा तो वह अचानक हिल रहा था। मैंने महसूस किया कि यह भूकंप है। नोएडा में लगभग 25-30 सेकंड के लिए जोरदार झटके महसूस किए गए। वहीं शनिवार को ही उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## लालू हुए आगबबूला



**बोले- मैं ही हूं राजद अध्यक्ष**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ने की अटकलें मीडिया में लगातार लगाई जा रही हैं। पत्नी राबड़ी देवी द्वारा इस खबर को अफवाह बताने के बावजूद अटकलों पर विराम नहीं लग पाया है। सियासी जगत में जहां इस बात की लगातार चर्चा है कि तेजस्वी यादव को जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है तो वहीं अब लालू प्रसाद इस मनगढ़ंत अटकलों से नाराज हो गए हैं। उन्होंने इस मामले पर अपना बयान जारी किया है। लालू ने कहा है कि जो लोग इस तरह की झूठी खबर फैला रहे हैं वे मूर्ख हैं। ऐसी कोई बात नहीं है। पार्टी का सारा काम मैं ही देख रहा हूं। लालू की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी ने मीडिया में चल रही उन अटकलों को खारिज किया है, जिनमें कहा जा रहा था कि लालू अगले हफ्ते पार्टी समारोह में तेजस्वी को राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना सकते हैं।

## स्कूल में गेट से तांक-झांक कर रहा था युवक, गर्दन फंसी

**ग्वालियर,** ग्वालियर शहर में एक युवक एक स्कूल में तांक-झांककर रहा था। उसने स्कूल में झांकने के लिए लोहे के चैनल गेट में गर्दन डाल दी और जब नहीं निकली तो शोर मचाने लगा। काफी देर तक गर्दन बाहर नहीं निकली तो पुलिस और अन्य लोगों ने चैनल गेट को काटकर युवक की गर्दन बाहर निकाली।

बताया जाता है कि जनकगंज गोल पहाड़िया सामुदायिक भवन में संचालित हो रहे एक स्कूल में बब्लू नामक का युवक झांक रहा था। उसने स्कूल में झांकने के लिए अपनी गर्दन को लोहे के चैनल गेट में डाल दिया। उसकी गर्दन उस समय तो घुस गई लेकिन जब वह बाहर निकलने लगा तो गर्दन फंस गई। काफी कोशिश के बाद भी जब गर्दन बाहर नहीं निकली तो बब्लू ने शोर मचाया। शोर सुनकर लोग वहां पहुंचे तो युवक को चैनल गेट में फंसा देखकर वीडियो बनाने लगे लेकिन उसकी गर्दन पर किसी का ध्यान नहीं गया। जब उसने रोते हुए गर्दन फंसने की बात कही तब स्कूल वालों ने पुलिस को बुलाया।

# कर्नाटक में हिजाब विवाद गहराया

## CM ने की बैठक, HC में 8 फरवरी को सुनवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उडुपी जिले में तीन और कॉलेजों ने हिजाब पहनकर आई महिला मुस्लिम छात्राओं के एंट्री देने से इनकार कर दिया। 28 दिसंबर, 2021 को उडुपी से इस तरह का पहला मामला आया था। अब तक कुल पांच शिक्षण संस्थानों- तीन सरकारी कॉलेजों और दो निजी संस्थानों ने हिजाब पहनने पर छात्राओं की एंट्री पर रोक लगा दी है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शुक्रवार को किसी संस्थान में पहली बार पुलिस तैनात की गई थी।महिलाओं और कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह कार्रवाई उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। वहीं सरकार और अधिकारियों का तर्क है कि यह नियम शैक्षणिक संस्थानों में धार्मिक प्रतीकों के प्रदर्शन को रोकने के लिए है। कई हिंदू छात्र कक्षा में हिजाब पहनने वाली मुस्लिम लड़कियों का विरोध कर रहे हैं। वो स्थानीय छात्रों को संस्थानों में भगवा स्कार्फ पहनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। शुक्रवार को पहली घटना उडुपी के भंडारकर कॉलेज में हुई। छात्रों के अनुसार, जब वे सुबह कॉलेज पहुंचे तो हिजाब पहनकर आईं छात्राओं को कॉलेज के अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में गेट पर रोक दिया। कुंडापुर पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि कॉलेज के प्रिंसिपल का फोन आने के बाद पुलिस को तैनात किया गया था।




हिजाब को लेकर विवाद के बीच कर्नाटक सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों से पोशाक संबंधी मौजूदा नियमों का पालन करने को कहा है, जब तक कि उच्च न्यायालय अगले सप्ताह इस संबंध में कोई आदेश नहीं दे देता। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सरकार के रुख के बारे में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री बी सी नागेश और शीर्ष सरकारी अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। मालूम हो कि कर्नाटक हाई कोर्ट में इस मामले पर 8 फरवरी को सुनवाई होगी।

वहीं, कांग्रेस नेता सिद्धरमैया ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने के अधिकार पर मुस्लिम लड़कियों का समर्थन किया और भाजपा नेतृत्व वाली सरकार पर हमला किया। सिद्धरमैया ने कहा, किसी कॉलेज के अंदर वह भी एक सरकारी शैक्षणिक संस्थान में लड़कियों को प्रवेश से इनकार करना, विद्यार्थियों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने भाजपा पर छात्रों को भगवा शॉल पहनने, इसे मुद्दा बनाने के लिए उकसाने का आरोप लगाया।

## मास्क लगाने को बोला तो पड़ गई सैंडल

**छतरपुर।** कोरोना काल चल रहा है। आमतौर पर लोग किसी को बिना मास्क देखते हैं तो टोक ही देते हैं। लेकिन छतरपुर के जिला अस्पताल में एक महिला को मास्क लगाने के लिए टोकना मास्क विक्रेता को महंगा पड़ गया। गुस्साई महिला ने सैंडल निकालकर उसकी पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जब मास्क बेचने वाले से घटना के बारे में पूछा गया तो उसने कहाकि उसने सिर्फ महिला से मास्क लगाने के लिए कहा था। मास्क लगाने को बोलते ही वह मुझे पीटने लगी। उस व्यक्ति ने कहाकि महिला का कहना है कि वह यह कहते हुए मुझे पीटने लगी कि तुम चाहते हो मुझे कोरोना हो जाए।

## हाईकोर्ट्स में वर्चुअल हियरिंग अनिवार्य करने से सुको का इनकार

### कहा- हाई कोर्ट हमारे अधीन नहीं है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट्स में वर्चुअल हियरिंग अनिवार्य करने से इनकार कर दिया है। सुको ने शुक्रवार को कहा कि वह उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को वर्चुअल सुनवाई अनिवार्य करने का निर्देश नहीं दे सकता है। जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हाई कोर्ट हमारे अधीन नहीं हैं। प्रत्येक उच्च न्यायालय के अपने अधिकार क्षेत्र में बहुत ही अजीबोगरीब शर्तें होती हैं। हम उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश को आदेश जारी नहीं कर सकते हैं कि आप केवल वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर काम करेंगे। इस मामले की बेंच में जस्टिस सूर्यकांत भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 महामारी के दौरान आने वाली गंभीर समस्याओं के मद्देनजर वर्चुअल हियरिंग शुरू की। अब इस मुद्दे को हल करने के लिए इसे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, हम नहीं जानते कि कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लोकल बार का स्टैंड क्या है। राज्य सरकार की ओर से किस प्रकार की सहायता उपलब्ध है। इन मुद्दों को प्रशासनिक पक्ष से निपटना होगा। यह उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को तय करने का मामला है। अदालत वकील घनशम उपाध्याय की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें बॉम्बे हाई कोर्ट के जनवरी के सर्कुलर को चुनौती दी गई थी, जिसमें कोविड-19 की तीसरी लहर के कारण मुंबई में कामकाज को केवल तीन घंटे तक सीमित कर दिया गया था।



## ये होती है मां की ममता

# धक्का देकर बेटे को बचाया खुद मौत को गले लगाया

**इंदौर, ।** अपनी कलेजे के टुकड़े को बचाने के लिए एक मां अपनी जान पर खेल गई। तेज गति से आ रहे ट्रक को देख मां ने बेटे को तो धक्का देकर बचा लिया, लेकिन खुद ट्रक के नीचे दब गई। जिसने भी यह दृश्य देखा वह सिहर उठा। बेटा लोगों की मदद से ट्रक को उठाने की कोशिश करता रहा, लेकिन वह हिला तक नहीं। कुछ देर बाद जेसीबी की मदद से ट्रक को हटाया गया, लेकिन तब तक मां दम तोड़ चुकी थी। बेबस बेटा मां को देखकर बिलख पड़ा। पुलिस ने ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएफ 4696 जब्त कर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।देवर दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया वह अपनी भाभी 45 वर्षीय राधा पत्नी गोपाल सिंह सिकरवार निवासी गुलावट को बाइक पर बैठाकर शादी में जा रहे थे। शादी कालिंदी गोल्ड सिटी में थी। पीछे भाभी राधा का बेटा अपनी बाइक पर सवार था। लवकुश चौराहे के सिग्नल पर बाइक रोकी। भतीजे की बाइक थोड़ी पीछे रुकी तो भाभी गाड़ी से उतरकर उससे बात करने चली गईं। तभी गेहूं की बोरियों भरा अनियंत्रित ट्रक तेज गति से आया। वह ट्रक टक्कर मारने ही वाला था कि तभी भाभी ने देखा तो बेटे को धक्का मारकर दूर गिरा दिया। ड्राइवर ने ट्रक को सड़क के दूसरी तरफ काटने की कोशिश की, लेकिन ट्रक पलट गया और भाभी की ट्रक के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। कई लोगों ने महिला को बाहर निकालने के लिए ट्रक को उठाने की कोशिश की लेकिन सभी हिम्मत हार गए। इसके बाद सड़क के दूसरी तरफ खड़ी जेसीबी चालक ने देखा तो वह तुरंत आया और जेसीबी से ट्रक को उठाकर महिला को निकाला। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। चालक की तलाश की जा रही है।



## 150 देशों में वैवाहिक दुष्कर्म अपराध

# भारत समेत 32 देशों में नहीं मानते क्राइम

**नई दिल्ली ।**देश में वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई चल रही है। यह मुद्दा केवल भारत का नहीं है। दुनिया के 150 देशों में वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, भारत समेत दुनिया के 32 देश ऐसे हैं जहां वैवाहिक दुष्कर्म अपराध नहीं है।

### अमेरिका में 10 से 14 फीसदी विवाहिताओं से दुष्कर्म

अमेरिका ने पांच जुलाई 1993 को सभी 50 राज्यों में वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित किया था। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में 10 से 14 फीसदी विवाहित महिलाओं के साथ वैवाहिक दुष्कर्म की घटनाएं होती हैं। एक तिहाई महिलाओं के साथ उनके पति बिना उनकी सहमति के शारीरिक संबंध बनाते हैं।

### ऑस्ट्रिया में सरकार लड़ती है केस

ऑस्ट्रिया में वैवाहिक दुष्कर्म को वर्ष 1989 में आपराधिक घोषित कर दिया गया था। वर्ष 2004 में सरकार ने इसे स्टेट ऑफेंस करार दे दिया। इसके तहत अगर पीड़िता शिकायत नहीं भी करती है तो सरकार इस केस को अदालत में लड़ेगी।

**बेल्जियमः** 1979 में ब्रूसेल्स की अदालत ने वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध घोषित किया था। 1989 के बाद इसे रेप के दूसरे मामलों की तरह ही देखा जाने लगा।




## चीन 1962 से ही पैंगोंग झील पर बना रहा पुल

**नई दिल्ली ।**चीन द्वारा पैंगोंग झील पर 1962 से अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों में एक पुल का निर्माण किया जा रहा है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि भारत सरकार ने इस अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया। शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पैंगोंग झील पर एक नए पुल के निर्माण के एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने पुल पर ध्यान दिया है। सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहास सरकार ने चीन द्वारा पैंगोंग झील पर बनाए जा रहे एक पुल पर ध्यान दिया है। इस पुल का निर्माण उन क्षेत्रों में किया जा रहा है जो 1962 से चीन के अवैध कब्जे में हैं। भारत सरकार ने इस अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है। सरकार ने कई मौकों पर यह स्पष्ट किया है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं और हम उम्मीद करते हैं कि अन्य देश भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में चीन द्वारा कुछ स्थानों के नाम बदलने की खबरों को नोट किया है। उन्होंने कहा, यह एक व्यर्थ अभ्यास है जो इस तथ्य को नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहा है, है और रहेगा।।

**38 हजार वर्ग किमी जमीन पर भी कब्जा**

## श्रीनगर मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकी ढेर, हथियार बरामद

श्रीनगर। श्रीनगर में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि इस मुहिम को श्रीनगर पुलिस ने अंजाम दिया है। आईजीपी ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया एक आतंकी अखलाक हाल ही में अनंतनाग में हेड कॉन्स्टेबल अली मोहम्मद की हत्या में शामिल था। मारे गए आतंकियों से कुछ सामग्री और 2 पिस्तौल बरामद की गई हैं।

## पेरू के नाजका लाइन के पास टूरिस्ट प्लेन क्रैश हुआ, 7 की मौत

**पेरू ।** नाजका लाइन के पास एक पर्यटक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार 7 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी से मिली जानकारी के अनुसार, विमान नाजका लाइनों के दौरे के लिए पर्यटकों को ले जा रहा था। पेरू सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि विमान शहर के एक हवाई क्षेत्र के पास गिरा है। वहीं, विमान के मालिक एयरो सैंटोस के मुताबिक, विमान एक पायलट और एक को-पायलट समेत कुल 5 पर्यटक सवार थे। मरने वाले पर्यटक किस देश के हैं, ये अभी पता नहीं चल पाया है।

## जबलपुर एवं मदन महल स्टेशन में हो रही कोविड-19 की जांच

# रेलवे स्टेशन पर आठ हजार यात्रियों की हुई कोरोना जांच

**10 संक्रमित मिले**




**जबलपुर यश भारत जबलपुर।** कोरोनावायरस की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रदेशों से ट्रेनों से जबलपुर पहुंच रहे यात्रियों का मुख्य रेलवे स्टेशन एवं मदन महल पर बाहर से आने वाले यात्रियों का कोविड टेस्ट किया जा रहा है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि कहीं ये ही लोग कोरोना स्प्रेडर न बन जाएं, इसलिए सभी की जांच की जा रही है। हालांकि कई यात्री इससे बचते दिखाई दे रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 एवं 6 में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा यात्रियों की जांच की जा रही है जानकारी के अनुसार जबलपुर रेलवे स्टेशन मैं प्रतिदिन 450 एवं मदन महल रेलवे स्टेशन में 150 यात्रियों की प्रतिदिन जांच की जा रही है विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 15 जनवरी से अभी तक 8 हजार यात्रियों की जांच की जा चुकी है जिसमें से 10 यात्री संक्रमित मिले हैं , वह अन्य जिलों के हैं जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है/

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ले रही पूरी जानकारी

जबलपुर एवं मदन महल रेलवे स्टेशन में बाहर से आए यात्रियों की जांच के पहले स्वास्थ्य विभाग की टीम यात्री का नाम, मोबाइल नंबर और पते की जानकारी ले रही है। ताकि कोरोना पॉजिटिव आने की स्थिति में मरीज को ट्रेस किया जा सके और उसकी ट्रेवल हिस्ट्री पता की जा सके। बीते 15 दिनों में 10 पॉजिटिव मरीज निकले हैं। इसके चलते स्वास्थ्य अमला सतर्क हो गया है। इसके चलते अब रेल्वे स्टेशन पर भी हर आने जाने वाले यात्रियों का कोरोना टेस्ट किया जा रहा है।

### प्रतिदिन होते हैं 600 टेस्ट

स्वास्थ्य विभाग की टीम एक दिन में जबलपुर का मदन महल मिलाकर 600 यात्रियों के टेस्ट का टारगेट लेकर चल रही है। हालांकि यहां सैकड़ों की संख्या में मरीज आ और जा रहे हैं। और इनमें से कई लोग जांच कराने से ही बच रहे हैं।

### दो पारी में हो रही जांच

रेलवे स्टेशन पर भी एक डॉक्टर, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य स्टाफ को लगाया गया है। जो सुबह 8 से 2 बजे तक एवं 2ः00 से 5 बजे तक यात्रियों की जांच करते हैं। रेलवे स्टेशन पर तैनात जानकारी के मुताबिक जैसे-जैसे गाड़ियों का आवगमन बढ़ रहा है वैसे-वैसे यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है। यात्रियों कई ऐसे भी होते जो जांच कराने से हिचकते हैं। हमें सभी आने-जाने वाले यात्रियों की जांच के आदेश हैं। जांच के बाद संबंधितो को फोन पर रिपोर्ट बताकर सूचना दे देते हैं।

# जबलपुर क्लब अतिक्रमणकारी, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर

**खतरे में बिल्डिंग**

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने एक अहम फैसले में जबलपुर स्थित जबलपुर क्लब की इमारत को अतिक्रमण में बताते हुए अवैधानिक माना है अब जबलपुर की बिल्डिंग खतरे में आ गई है सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को दरकिनार करते हुए जबलपुर क्लब को अतिक्रमणकारी बताया। भारत के सर्वोच्च न्यायालय में सिविल अपीलीय क्षेत्राधिकार सिविल अपील सं। 2016 का 7198-7199 अपीलकर्ता (ओं) नगर निगम, जबलपुर बनाम प्रतिवादी (ओं) जबलपुर क्लब आदेश 1. जबलपुर नगर निगम मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय दिनांक 27.11.2015 के फैसले के खिलाफ अपील में है, जिसके तहत मुकदमा वादी-प्रतिवादी द्वारा दायर अनिवार्य निषेधाज्ञा पहली अपील में तय की गई थी, जिसमें कहा गया था कि वादी पट्टे पर दी गई भूमि के हिस्से के कब्जे की बहाली की मांग करने का हकदार है। 2. प्रारंभ में 11.02.1926 को 92, 352 बीएस फीट की भूमि को तत्कालीन कोरोनेशन क्लब, जबलपुर (अब जबलपुर द्वारा नगर जबलपुर एमओयू) नगर निगम को पट्टे पर दिया गया था। विचाराधीन भूमि पर वादी का कब्जा बना रहा। 1984 में, 27, 600 वर्ग फुट की भूमि के एक तीसरे पक्ष के कब्जे में गन्ना, फाइव स्टार यूबियन। नगर निगम ने 14.7.3887 को नोटिस जारी किया। अन्य बातों के साथ-साथ इस आधार पर कि क्लब ने भूमि का एक भाग पट्टे पर दे दिया है और उस भूमि को दे दिया गया है। नगर निगम की अनुमति के बिना व्यावसायिक उपयोग। इसलिए निगम ने जमीन के किराए की राशि और 2, 00, 000 / - रुपये के रूप में मांग की। 4, 61, 600/- कंपाउंडिंग शुल्क। तत्पश्चात दिनांक 21.9.1988 को नगर निगम और क्लब के 4 प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई जिसमें 1986 तक के भुगतान पर पट्टे को नियमित करने का निर्णय लिया गया। 1,47, 950/-. क्लब द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर पट्टे के नवीनीकरण पर विचार किया जाएगा। उक्त मिनटों में एक शर्त यह थी कि नगर निगम अवैध कब्जाधारियों को बेदखल करेगा। बैठक के नब्बे का प्रासंगिक खंड इस प्रकार पढ़ता है- सचिव ने बताया कि केवल दो व्यक्ति क्लब के किरायेदार हैं जो श्री अग्रवाल और श्री शाह हैं। इनके अलावा, अन्य व्यक्ति अवैध रूप से रहने वाले हैं और उन्हें हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। सचिव ने कहा है कि यदि नगर निगम द्वारा अवैध कब्जाधारियों को हटाया जाता है तो इस आशय का एक पत्र सचिव द्वारा दिया जायेगा. 10.2.1986, पहले के पट्टे की समाप्ति 1.ई. हालांकि पीटीएस ओ लीज डीड पंजीकृत नहीं थी। एईयू 3आई ने बताया कि 23088 वर्ग फुट की भूमि को निगम द्वारा 19.12.12 को सरेंडर किया गया था। 1989 सड़क निर्माण के उद्देश्य से। uo qnto aya o panSST seM aayon asnes MOus V 20.11.1999 से asuat की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए यह स्विमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट, ysenbs ·¤ôÅUü, gynnasiun, टेबल टेनिस, पुस्तकालय और अन्य खेल सुविधाएं प्रदान करने में विफल रहा है और यह कि kaed putya e ov uaat uaag pey jaaj aenbs g®~' बिना प्राधिकार के और पट्टे की शर्तों के उल्लंघन में संपर्क के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। क्लब ने यह स्वीकार करते हुए अपना जवाब दाखिल किया कि भूमि का बड़ा हिस्सा अनधिकृत कब्जे में था क्योंकि लीज को निगम की जानकारी में नवीनीकृत कर दिया गया है कि भूमि का हिस्सा यूटी अनधिकृत कब्जा है, निगम होगा UOTSsassod pazTJouaneunaya pajdason anny ox pauaap हालांकि, खेल सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने के संबंध में कोई जवाब नहीं दिया गया है. । पार्टियों के बीच हुए समझौते दिनांक 21.9.1988 के अनुसार, क्लब ने अतिक्रमण की गई भूमि का कब्जा नगर निगम के पक्ष में आत्मसमर्पण कर दिया था, जब क्लब ने कहा था कि यदि नगर निगम द्वारा अवैध कब्जाधारियों को हटा दिया जाता है, तो आपत्ति नगर निगम अतिक्रमित भूमि पर तभी कब्जा कर सकता है, जब उसका उस भूमि में हित हो। एक बार जब भूमि क्लब के पक्ष में पट्टे पर दी गई, तो भूमि को अतिक्रमण से बचाना क्लब का प्राथमिक कर्तव्य था। क्लब अतिक्रमण नहीं हटा सका, उसने कब्जा हटाने में असमर्थता के कारण नगर निगम के पक्ष में कब्जा सौंप दिया। एक बार जब निगम के पक्ष में कब्जा सौंप दिया गया था और निगम ने मध्य प्रदेश नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत कब्जा कर लिया था, तो उस सीमा तक पट्टा क्लब द्वारा आत्मसमर्पण कर दिया गया है। 13. यह कहा जा सकता है कि प्रारंभ में पट्टे पर दी गई 92, 352 वर्ग फुट भूमि में से 23, 088 वर्ग फुट भूमि को क्लब द्वारा सड़क निर्माण के लिए उपयोग करने के लिए समर्पित किया गया था। शेष भूमि काश्तकारों को पट्टे पर दी गई भूमि सहित क्लब के कब्जे में थी। यह प्रश्न कि क्या भूमि काश्तकारों को पट्टे पर दी जा सकती है, इस पर विचार करने के लिए उत्पन्न होने वाला मुद्दा नहीं है इसके पास लगभग 27,600 वर्ग फुट जमीन का कब्जा था। दो साल बाद अतिक्रमण करने वाले ने नगर निगम और क्लब के खिलाफ 2001 की रिट याचिका संख्या 2660 दायर की। उक्त रिट याचिका 02.04.2002 को खारिज कर दी गई थी। इसके बाद 24.04.2003 को क्लब ने निगम के अवैध कब्जे में 0000 ई.बी. फीट मापी लीज की गई भूमि के हिस्से पर कब्जा करने के लिए अनिवार्य निषेधाज्ञा के लिए यिल्ड को एक वाद दिया, जो पट्टे पर दी गई भूमि के हिस्से पर कब्जा कर लिया गया था।

# मझगवां में जमीन में कब्जा कर मांग रहे थे 50 हजार रुपए

**जबलपुर, यशभारत।** थाना मझगवां के फनवानी में पट्टे की जमीन में कब्जा कर, चार आरोपियों ने एक महिला व उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट कर दी। इतना ही नहीं दबंग जमीन में कब्जा छोड़ने को लेकर पचास हजार रुपयों की डिमांड कर रहे थे। शिकायत के बाद मुस्तैद पुलिस ने चारों आरोपियों को दबोच लिया, जिसमें एक महिला भी शामिल है। जानकारी अनुसार श्रीमती सुषमा कोल 39 वर्ष निवासी ग्राम फनवानी ने पुलिस को बताया कि जब वह गांव के सोनू पटैल , मोनू पटैल, राजा पटैल, मेम बाई पटैल उसके पट्टे की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना रहे थे उसके द्वारा मना करने पर उसके साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट करने लगे। सोनू पटैल ने डंडा से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। आरोपियों ने कहा कि कि यदि 50 हजार रूपये देगी तो हम लोग जमीन छोड़ देंगें। उसने कहा कि उसके पास 50 हजार रूपये नहीं है एवं रूपये देने से मना किया तो सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। उसकी बहू संगीता एवं ननद गुलाब कोल बीच बचाव करने लगे तो चारों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए सोनू पटैल 37 वर्ष, मोनू पटैल 32 वर्ष, राजा पटैल 26 वर्ष, मेम बाई पटैल 50 वर्ष को अभिरक्षा में लेते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया हैं।

# ठंड ने यूटर्न लिया, गिरा तापमान

**जबलपुर,यशभारत।** उत्तरी हवाओं का आना शुरू होने से एक बार फिर मौसम में फिर से बदलाव हुआ है और ठंड ने यूटर्न लिया है। ात और दिन के तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी ठंड का जलवा बरकरार रहेगा। अभी दिन और रात के तापमान में 3 डिसे गिरावट आई है । रविवार छह फरवरी तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट के आसार है। साथ ही अधिकतम तापमान में भी गिरावट बनी रहेगी। इसी वजह से ठंड में भी थोड़ी बढ़ोतरी होगी।शुक्रवार को अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से 3डिग्री सेल्सियस कम है। इसी प्रकार असात का न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा,जो सामान्य से 3डिग्री सेल्सियस कम रहा। राजस्थान और पाकिस्तान पर बने दो वेदर सिस्टम कमजोर पड़ गए हैं। इसके साथ ही हवाओं का रुख भी उत्तर से दक्षिण की ओर हो गया है। इसके चलते ठंड ने एक बार फिर यू टर्न ले लिया है। नतीजा यह हुआ कि शुक्रवार को रात और दिन के तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। इस बार लगातार आ रहे मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है और ठंड का असर कायम है। शहर में उत्तर पश्चिमी हवाएं 6-8 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलीं। शनिवार को सुबह से ही ठंडी हवा के झोंके लोगों को सिहरा रहे है। हालांकि गलाव वाली ठंड से राहत है। दो दिन पूर्व लोग जहां गर्मी का अहसास होने से बिना गर्म कपड़े के निकल रहे थे वे अब दिन गर्म कपड़े पहनकर ही निकलते दिख रहे है। मौसम विभाग की माने तो मौसम फिलहाल शुष्क है कि लेकिन छह फरवरी तक एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिसके असर से तापमान और गिरने की संभावना है। हवाओं का रुख भी पल-पल बदल रहा है। उत्तर पश्चिमी हवाएं चार से पांच किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही। ठंड के बदले तेवरों के बावजूद उत्तरी ठंडी हवाओं में घुली पश्चिमी गरमाहट से काफी हद तक राहत मिल रही है। तेज धूप के कारण ठंडक का अहसास कम है। गलाव वाली ठंड महसूस नहीं हुई।मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में ट्रफ के साथ सक्रिय है।

# 3 सगे भाईयों को लाठी-डंडों से पीटकर किया अधमरा

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो आरोपियों ने 3 भाइयों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार सुमित चौधरी 17 वर्ष निवासी रांझी ने पुलिस को बताया कि जब वह छोटे भाई अभय एवं शुभम के साथ रोड पर खड़ा था उसी समय बुद्धु काछी का बाड़ा में रहने वाला उमेश सिंह अपने साथी दयाशंकर सिंह के साथ आया और पुरानी बुराई पर से हम तीनों के साथ गाली गलौज करने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों ने हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुये हाथ पैर एवं पीठ में चोटें पहुंचा दीं, उमेश सिंह ने डंडे से हमलाकर उसके दोनों भाईयों के पैरों में चोटें पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर , जांच में लिया है।

# उत्तर मध्य विधायक विनय सक्सेना का नागरिक अभिनंदन



जबलपुर। कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ द्वारा उत्तर मध्य विधायक विनय सक्सेना का नागरिक अभिनंदन किया गया।उन्हें भारत माता का तेल चित्र शॉल ,श्रीफल पगड़ी पहनाई गई। संघ के अध्यक्ष धनंजय बाजपेई ने इस अवसर पर बधाई प्रेषित करते हुए विधायक के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की साथ ही रानीताल से व अन्य सड़कें पर ध्यान आकर्षित भी कराया । इस अवसर पर अमरीश मिश्रा राकेश चक्रवर्ती योगेश बिलोबा शशांक बर्मन अरुण मिश्रा राजीव खंडेलवाल विजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# रिश्वतखोर जिला श्रम अधिकारी को आज पेश किया जाएगा न्यायालय मंं

जबलपुर यश भारत। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो जबलपुर द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडला के जिला श्रम अधिकारी (डिस्ट्रिक्ट लेबर ऑफीसर) जितेंद्र मेसराम को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए शुक्रवार की देर रात रंगे हाथों पकड़ा है. जिला श्रम अधिकारी यह रिश्वत एक फार्म हाउस के खिलाफ लेबर एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं करने के ऐवज में मांगी गई थी.बताया जाता है कि कुछ समय पहले मंडला के जिला श्रम अधिकारी जितेंद्र मेसराम ने तनुज लोहान के फार्म हाउस में जांच की थी. जांच उपरांत कार्रवाई नहीं करने पर 1 लाख रुपए की रिश्वत मांगी की गई थी. जिसकी शिकायत तनुज लोहान ने जबलपुर ईओडबलू के पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह राजपूत से की थी. एसपी ईओडबलू जबलपुर श्री राजपूत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने स्तर पर जांच करवाई, जिस पर रिश्वत मांगने की शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद शुक्रवार को डीएसपी मनजीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम को मंडला भेजा गया, जहां पर बनाई गई रणनीति के मुताबिक जैसे ही तनुज लोहान ने रिश्वत की राशि के 50 हजार रुपए जिला श्रम अधिकारी जितेंद्र मेसराम को दिया, वैसे ही टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया. ईओडबलू की इस कार्रवाई से श्रम विभाग में हड़कम्प मच गया है. समाचार लिखे जाने तक ईओडबलू की कार्रवाई जिला श्रम अधिकारी के घर, निवास में जांच कर रही थी.50 हजार की पहली किश्त आरोपी पहले ही ले चुका था इस मामले में खास बात यह थी कि आरोपी जितेंद्र मेसराम ने रिश्वत की राशि के एक लाख में से 50 हजार रुपए पहले ही ले चुका था. आज दूसरी किश्त की 50 हजार रुपए आवेदक से लेते हुए ग्राम देवाँगन टोला मंडला के यात्री प्रतीक्षालय के सामने पकड़ा गया.।

# विश्व कैंसर दिवस पर पमरे के तीनों मंडलों में स्वास्थ्य शिविर

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेलवे के चिकित्सा विभागों द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों के रेलवे चिकित्सालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जबलपुर मंडल के स्वास्थ्य केंद्र नरसिंहपुर में प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में विश्व कैंसर दिवस पर संविदा चिकित्सक डॉ. आर. आर. कुर्रे द्वारा रेलवे लाभार्थियों को संबोधन के माध्यम से कैंसर के लक्षणों व उसके बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान कैंसर रोग से ग्रसित मरीजों के चिकित्सा परीक्षण भी किये गए। इस दौरान उन्होंने बताया कि बीमारी का पता चलते ही समय पर इलाज करने की सलाह दी इसी प्रकार मण्डल रेल चिकित्सालय, भोपाल में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डी. के. सिसोदिया द्वारा उपस्थित मरीजों तथा परिजनों को कैंसर के विषय में बताया गया तथा लोगों के मन में कैंसर के प्रति भ्रांतियां एवं डर को दूर करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रचना श्रीवास्तव द्वारा कैंसर होने के विभिन्न कारण, लक्षण तथा उपचार पर प्रकाश डाला गया। इसी दौरान सहायक नर्सिंग अधिकारी, भोपाल श्रीमती ललिता लाल द्वारा विश्व कैंसर दिवस 2022 की थीम क्लोज द केस गैप का व्याख्यान किया गया। इसके अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों के स्वास्थ्य केंद्रों में भी विश्व कैंसर दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये।

# कजरवारा में बन गई टूटी पुलिया

**जबलपुर /** रानी लक्ष्मीबाई वार्ड अंतर्गत कजरवारा मुख्यमार्ग सिधेश्वरी मंदिर के पास बनी पुलिया को 4 दिसम्बर 2021 की रात 12 बने रेत के डम्फर ने तोड़ दिया था। कजरवारा विकसित समिति अध्यक्ष नकुल गुप्ता, अटल उपाध्याय, राजू पटैल, अभय उपाध्याय, अनिल चौकसे, मोहित बर्मन, मंतो पहलवान, विनोद जैसवाल,सुनील उपाध्याय ने 9 दिसम्बर 2021 को नगरनिगम जोन क्रमांक 11 राजा गोकुल दास धर्मशाला में संभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर पुलिया को सुधरवाने की मांग की थी। क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम संभागीय अधिकारी की सक्रियता के कारण समिति की मांग के अनुरूप मुख्य मार्ग की जर्जर पुलिया को तोड़ कर नए स्तर से निर्माण किया गया, अब जल्द ही आवागमन प्रारंभ हो जावेगा। अब दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। हजारों जनता जो बिलहरी से चक्कर लगाकर गोराबाजार जा रही थी उन्हें अब चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। कजरवारा विकसित समिति अध्यक्ष नकुल गुप्ता, अटल उपाध्याय, राजू पटैल, अभय उपाध्याय,संतोष यादव, मोहित बर्मन, विजय महोबिया, संदीप सोनी,सतीस सेन,विनोद जैसवाल,सुनील उपाध्याय,राहुल पटेल ने पुलिया निर्माण में सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया है।

# परीक्षाफार्म के साथ अब विद्यार्थी भरेंगे फीडबैक फार्म

**जबलपुर ।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के आगामी मूल्यांकन को लेकर सभी शिक्षक और कर्मचारी पूरी लगन से कार्य करें। इस बार हमें विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड तक पहुंचाने के लिए काम करना होगा। नैक मूल्यांकन कार्य के लिए सबसे जरूरी पहलू है विद्यार्थियों का फीडबैक इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से बेस्ट प्रेक्टिसिस के अंतर्गत गूगल फार्म तैयार कराए जा रहे हैं, जिन्हें विद्यार्थी अपने परीक्षाफार्म भरने के पूर्व फीडबैक गूगल फार्म को ऑनलाईन फिल करना होगा। उपरोक्त निर्देश माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने विश्वविद्यालय में नैक तैयारियों को लेकर आज कौंसिल हाल में आयोजित बैठक में दिये। विवि नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में सभी विभागों से वर्ष 2021-2022 की वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट (एक्यूएआर) रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा गया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. मिश्र ने पेंडिंग एक्यूआर को जल्द अपलोड करने की दिशा में पहल करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता है नैक में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो। यह कार्य सभी लोगों के प्रयास से ही संभव होगा। कोरोना काल के कारण पहले ही काफी देर हो चुकी है। पठन-पाठन और परीक्षा के साथ परीक्षा परिणाम भी घोषित करना है।

### कम्प्रेंसिव वायवा के दौरान परीक्षार्थी भरेंगे फीडबैक फार्म-

बैठक में विश्वविद्यालय के सभी विभागों को कम्प्रेंसिव वायवा के दौरान सभी परीक्षार्थियों के फीडबैक फार्म आवश्यक रूप से भराये जाने के लिए भी निर्देशित किया गया। इस फीडबैक फार्म में विद्यार्थी विभागीय अकादमिक गुणवत्ता को लेकर अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान विवि कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह ने कहा कि विवि ज्यादातर इंडिकेटरों में अच्छी स्थिति में है। जिन इंडिकेटर पर कार्य करने के आवश्यकता है उन्हें बेहतर किया जाएगा।

# बिजली विभाग में कोरोना से मृत आश्रितों को जल्द मिलेगी नौकरी

जबलपुर, । बिजली कंपनी में कोरोना मृत कर्मियों के आश्रित अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं लेकिन अभी तक उन्हें नौकरी नहीं मिली है। दूसरी के बाद तीसरी लहर भी निकल रही है ऐसे में आश्रित नौकरी नहीं मिलने की वजह से आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। बिजली कंपनी के दफ्तरों में अनुकंपा आश्रित लगातार चक्कर लगा रहे हैं। इधर कंपनी की तरफ से प्रस्ताव बनाकर शासन को दिया हुआ हैं लेकिन अभी तक वहां से किसी तरह की अनुमति जारी नहीं हुई है ऐसे में बिजली कंपनी भी इस मामले में फिलहाल आश्वासन ही दे रहा है। बिजली कंपनी में अधिकारी और कर्मचारी कोरोना के संक्रमण में मृत हुए। सरकार ने कोरोना में मृत कर्मी के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने का नियम लागू किया। जिसके बाद आश्रितों ने आवेदन किया है। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी में अकेले 31 प्रकरण लंबित है। इसके अलावा पूर्व क्षेत्र कंपनी में 45 तथा अन्य वितरण कंपनियों में भी आधा सैकड़ा से ज्यादा प्रकरण लंबित होने की जानकारी है। कंपनियों ने इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर ऊर्जा विभाग को भेजा हुआ है। जहां से साखेतर पद के लिए शासन से अनुमति चाही गई है। ताकि आश्रितों को नौकरी मिल सके। करीब चार माह गुजर चुके हैं शासन स्तर पर इस संबंध में कोई निर्णय नहीं हुआ है। जिस वजह से अनुकंपा आश्रितों को नौकरी नहीं मिल रही है। अनुकंपा आश्रितों की नियुक्ति को लेकर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव एवं केएन लोखंडे द्वारा मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के मानव संसाधन एवं प्रशासन एसके गायकवाड से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि वैश्विक महामारी कोरोना की बीमारी से हुए मृत विद्युत कर्मी उनके आश्रित को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। इसके अलावा अन्य आश्रित को भी नियुक्ति देने के शीघ्र आदेश किए जाएंगे।

# प्रथम,द्वितीय,एवं तृतीय क्रमोन्नति प्राप्त शिक्षक पदनाम से वंचित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि प्रदेश में ऐसे 40 हजार सहायक शिक्षक हैं जो अपनी प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमोन्नति प्राप्त कर व्याख्याता और प्राचार्यो के पद का वेतन प्राप्त कर रहे हैं परंतु शासन की नीतियों और उपेक्षा के चलते ये शिक्षक अपनी योग्यता अपने वेतनमान के अनुरूप पदनाम पाने से वंचित है जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। संघ के रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नॉबर्ट, विनोद सिंह, एनोज़ विक्टर, शहीर मुमताज़ सुनील स्टीफ़न, राकेष श्रीवास, गोपीशाह, रॉबर्ट फ्रांसिस, सुनील झारिया, गुडविन चार्ल्स, उमेष ठाकुर, रऊफ खान, आशाराम झारिया, अजय मिश्रा, राजेश सहारिया, शरीफ अंसारी, फिलिप अन्थोनी, रामकुमार कतिया, राम मिलन बरकड़े, गिरीशकांत मिश्रा, विनोद सिंह, मुकेष प्रधान, हेमंत ठाकरे, सुधीर उसरेठे, वसुमुद्दीन, आशीष कोरी आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है कि सहायक षिक्षकों को अतिषीघ्र उनकी योग्यतानुसार पदनाम दिया जाए।

### संविदा कल्चर समाप्त करने की मांग

संविदा कल्चर समाप्त करने की मांग करते हुए म.प्र . तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने कहा कि प्रदेश के शिक्षा , स्वास्थ , राज्य शिक्षा केन्द्र सहकारिता पी . डब्ल्यू.डी , पी.एच ई . जलसंधासन , जिला पंचायत सहित आदि विभागों से संविदा कल्चर खत्म कर नियमित नियमित नियुक्तियां होने लगी हैं । किन्तु लगभग 17 वर्षो से इन विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामर , लेखापाल लिपिक , संविदा अधिकारियों को नियमितकरण के नाम पर समिति गठित कर आवश्वासन का झुनझुना पकडा दिया गया है , जिससे संविदा कर्मी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहें । लगभग 17 वर्षो से शासकीय कार्यालयों में सेवायें देते हुए महत्वूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वाहन कर हैं किन्तु उनका वेतन लघु वेतन पाने वाले कर्मचारियों से भी कम है । संघ के योगेन्द्र दुबे , अर्वेन्द्र राजपूत , अवधेश तिवारी अटल उपाध्याय , संजय यादव , मुकेश सिंह , मंसूर बेग , विनोद पोद्दार , आशुतोष तिवारी , आलोक अग्निहोत्री , दुर्गेश पाण्डे , नितिन अग्रवाल , गगन चौबे , मनोज सेन , मो 0 तारिख , धीरेन्द्र सोनी , नितिन शर्मा , श्यामनारायण तिवारी ,मनीष लोहिया, मनीष शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला , संतोष तिवारी आदि ने माननीय मुख्यमंत्री म.प्र . शासन से ई - मेल के माध्यम से पत्र प्रेषित कर मांग की है कि संविदा कल्चर समाप्त करते हुए वर्षो से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जावे ।

# 26 जोड़ी गाड़ियों में 63 कोचों को स्थायी रूप से बढ़ाया




***जबलपुर यश भारत।** यात्री गाड़ियों में यात्रियों की सुविधाओं में निरंतर वृद्धि हुई है। इसी श्रंखला में अतिरिक्त यात्री यातायात की प्रतीक्षा सूची को क्लियर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली 26 जोड़ी गाड़ियों में वर्ष 2021-22 अभी तक 63 कोचों को स्थाई रूप से बढ़ाया गया है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों के स्थायी रूप से लगाये गए कोचों की विस्तृत जानकारी निम्न है।

*जबलपुर मण्डल (14 जोड़ी गाड़ियां)

1) गाड़ी संख्या 12121/12122 जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में 01 कोच वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 कोच एसआरएलडी स्थाई रूप से बढ़ाये।
2) गाड़ी संख्या 22181/22182 जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर गोंडवाना एक्सप्रेस में 01 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 02 कोच सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
3) गाड़ी संख्या 11464/11463 जबलपुर-सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस में 02 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
4) गाड़ी संख्या 11466/11465 जबलपुर-सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस में 02 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
5) गाड़ी संख्या 22192/22191 जबलपुर-इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस में 02 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
6) गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस में 01 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 शयनयान श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
7) गाड़ी संख्या 22189/22290 जबलपुर-रीवा-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में 02 कोच सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
8) गाड़ी संख्या 11705/12706 जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस में 02 कोच सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
9) गाड़ी संख्या 02134/02133 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर स्पेशल ट्रेन में 03 शयनयान श्रेणी एवं 02 कोच सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
10) गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर- कोयम्बटूर-जबलपुर स्पेशल ट्रेन में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 03 शयनयान श्रेणी एवं 02 कोच सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से ब?ाये।
11) गाड़ी संख्या 02191/02192 जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर स्पेशल ट्रेन में 01 कोच सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से ब?ाये।
12) गाड़ी संख्या 11265/11266 मदनमहल-अम्बिकापुर-मदनमहल इंटरसिटी एक्सप्रेस में 02 कोच सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
13) गाड़ी संख्या 11703/11704 रीवा-डॉ. अम्बेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस में 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 कोच शयनयान श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
14) गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस में 01 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 02 शयनयान श्रेणी एवं 01 सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।

*भोपाल मण्डल (08 जोड़ी गाड़ियां) ः-*

1) गाड़ी संख्या 12185/12186 रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति रेवांचल एक्सप्रेस में 01 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
2) गाड़ी संख्या 12155/12156 रानी कमलापति-निजामुद्दीन-रानी कमलापति एक्सप्रेस में 01 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
3) गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन में 01 कोच वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 01 शयनयान श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
4) गाड़ी संख्या 22165/22166 भोपाल-सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस में 02 कोच शयनयान श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
5) गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति-अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस में 02 कोच समान्य श्रेणी स्थाई रूप से बढ़ाये।
6) गाड़ी संख्या 12183/12184 भोपाल-प्रतापगढ़-भोपाल एक्सप्रेस में 01 कोच शयनयान श्रेणी स्थाई रूप से बढाये।
7) गाड़ी संख्या 22164/22163 भोपाल-खजुराहो-भोपाल एक्सप्रेस में 01 कोच सामान्य श्रेणी स्थाई रूप से ब?ाये।

# ट्रैफिक पुलिस की विशेष चेकिंग

## ड्रोन से भी रहेगी नजर-15 स्थानों पर लगेंगे चेकिंग प्वाइंट, वाहन चालकों के लिए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करना पड़ेगा महंगा





**भोपाल।** राजधानी में जान-बूझकर ट्रैफिक के नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के लिए शनिवार से दो दिनी विशेष मुहिम चलाई जाएगी। इस दौरान सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस मौजूद रहेगी। इसके अतिरिक्त सिटी सर्विलांस सिस्टम, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेट सिस्टम के अलावा ड्रोन कैमरों से भी लापरवाह वाहन चालकों की निगरानी की जाएगी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ट्रैफिक डा. हंसराज ने बताया कि शहर में अक्सर कुछ लापरवाह लोगों के कारण वाहन चलाते समय आम लोगों को काफी असुविधा होती है। मसलन वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने से जहां चालक स्वयं जोखिम उठाता है, वहीं उसकी वजह से दूसरे वाहन चालकों की जान को भी खतरे की आशंका बनी रहती है। लाल बत्ती का उल्लंघन करके वाहन निकालने की स्थिति में ग्रीन सिग्नल में गुजर रहे वाहन चालकों के टकराने का खतरा बना रहता है। इसी तरह सड़कों पर या सड़क किनारे भीड़ वाले स्थानों पर वाहन खड़ा कर देने से जाम की स्थिति बनती है। इस तरह के लोगों को नसीहत देने के लिए दो दिनी विशेष चेकिंग अभियान शनिवार-रविवार को चलाया जाएगा। इस दौरान सिटी सर्विलांस सिस्टम, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेट सिस्टम के अलावा ड्रोन कैमरों से भी वाहन चालकों पर नजर रखी जाएगी।

### यहां लगेंगे चेकिंग प्वाइंट

लालघाटी चौराहा, रेतघाट चौराहा, बैरागढ़ स्थित चंचल चौराहा,भोपाल टाकिज चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, भारत टाकिज चौराहा, प्रभात चौराहा, बोर्ड आफिस चौराहा, कोर्ट चौराहा, जेके रोड तिराहा, मानसरोवर तिराहा, आरआरएल तिराहा, रोशनपुरा चौराहा, अपैक्स बैंक तिराहा, चूनाभट्टी चौराहा पर विशेष चेकिंग प्वाइंट लगाए जाएंगे। चेकिंग के दौरान ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, तेज रफ्तार से वाहन चलाना, गलत दिशा में वाहन चलाना, नो पार्किंग, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठे मिलने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।



# ठंड इज कमबैक

## अधिकतर जिलों में तापमान में गिरावट

**भोपाल।** अलग-अलग स्थानों पर बने दोनों वेदर सिस्टम कमजोर पढ़कर आगे बढ़ गए हैं। साथ ही हवाओं का रुख भी उत्तरी हो गया है। इसके चलते ठंड ने एक बार फिर यू टर्न ले लिया है। शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अधिकतर जिलों में रात और दिन के तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी रात के समय ठंड का जलवा बरकरार रहेगा।

### रात में ठंड बरकरार रहेगी

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर पर बना हुआ है। इसके असर से राजस्थान पर बना कम दबाव का क्षेत्र कमजोर पड़ गया है। यह वर्तमान में हवा के ऊपरी भाग में परिवर्तित होकर हरियाणा पर सक्रिय है। दोनों सिस्टम कमजोर पड़कर आगे बढ़ गए हैं। इस वजह से शुक्रवार को हवाओं का रुख भी उत्तर-पश्चिमी हो गया है। इस वजह से तापमान में गिरावट होने लगी है।

### चार-पांच दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा

साहा के मुताबिक अभी चार-पांच दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने के आसार हैं। इस दौरान रात में ठंड बरकरार रहेगी। उधर राजधानी में अधिकतम तापमान 24.1 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्रीसे.कम रहा। यह गुरुवार के अधिकतम तापमान 28.3 डिग्रीसे. की तुलना में 4.2 डिग्रीसे. कम रहा। न्यूनतम तापमान नौ डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। यह भी सामान्य से दो डिग्रीसे. कम रहा। यह भी गुरुवार के न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्रीसे. के मुकाबले 5.8 डिग्रीसे. कम रहा। इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में भी दिन और रात के तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई।

### क्यों तेजी से गिरा तापमान

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि गुरुवार को राजस्थान पर बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण पूरे प्रदेश में तेज रफ्तार हवाएं चली थीं। इसके अलावा रात के समय हवाओं का रुख भी बदलकर उत्तरी होने लगा था। इस वजह से रात के अलावा शुक्रवार को दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।



# सड़कों पर बह रहा पीने का पानी

## बैरागढ़ में बरसों पुरानी पाइप लाइन बन रही लीकेज का कारण

**भोपाल।** राजधानी के उपनगर बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) के विभिन्न इलाकों में बरसों पहले बिछाई गई पेयजल लाइनों का मेंटनेंस नहीं होने के कारण यह लाइनें नागरिकों के साथ नगर निगम के लिए भी परेशानी का कारण बन गई हैं। आलम यह है कि आए दिन पाइप लाइन के किसी हिस्?से में लीकेज हो हो जाता है और पीने का पानी सड़कों पर बह जाता है। इससे जलापूर्ति व?यवस्?था बाधित होती है। हाल ही में एच वार्ड की गलियों में 100 से अधिक घरों में पीने का पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा था। इसका कारण भूमिगत लाइनों में खराबी थी। नगर निगम के जलकार्य विभाग ने चंचल रोड पर अनेक जगह खोदाई कर मरम्मत कर दी। इससे लोगों को राहत मिल गई। सुधार के बाद नगर निगम ने पहली बार सड़क के ऊपर सीमेंट कांक्रीट कार्य भी करा दिया, ताकि सड़क खराब न हो। यह काम पूरा हुआ ही था कि इसी इलाके की लाइनों में फिर से खराबी आ गई।

### दो दिन से बार-बार लीकेज से दिक्कत

अनेक घरों में फिर से जलापूर्ति नहीं होने की शिकायत मिलने के बाद निगम को फिर से सुधार कार्य शुरू करना पड़ा है। चंचल रोड से वन ट्री हिल्स टेकरी की ओर जाने वाले मार्ग पर पिछले दो दिन से सुधार कार्य किया जा रहा है। लाइन में लीकेज चेक करने के दौरान ही लाइनों से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है। चंचल रोड पर तो अभी तक पीने का पानी सड़कों पर बह रहा है। जल कार्य विभाग के सुपरवाइजर जीए गोहिया के अनुसार फाल्ट ढूंढते समय पानी बह जाता है। सुधार कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। प्लंबर मनोज कुमार की अगुआई में सुधार कार्य किया जा रहा है।

# 7 फरवरी को अन्न उत्सव का आयोजन

## दो माह का खद्यान्न प्रति सदस्य पांच किलो उचित मूल्य दुकानों से उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक सत्यापन द्वारा वितरण कराया गया




**भोपाल।** जिले में प्रत्येक माह की सात तारीख को अन्न उत्सव का आयोजन किया जाता है। नोडल अधिकारियों तथा निगरानी समिति के 447 शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर जनप्रतिनिधि सदस्यों के समक्ष प्रत्येक माह राशन का वितरण कराया जाता है। जिला आर्पूति नियंत्रक भोपाल ज्योति शाह नरवरिया ने बताया कि जिले में माह जनवरी एवं फरवरी 2022 का 98 प्रतिशत परिवारों को राशन का वितरण किया गया है। जो परिवार अभी तक राशन नहीं ले पाये हैं। वह सात फरवरी 2022 को अन्न उत्सव के दिन अपनी निर्धारित उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त कर सकते हैं। जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत 313000 परिवारों के 1345000 सदस्यों को माह जनवरी एवं फरवरी 2022 में एकमुश्त दो माह का खद्यान्न प्रति सदस्य पांच किलो उचित मूल्य दुकानों से उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक सत्यापन द्वारा वितरण कराया गया। परिवारों को एक किलो नमक, एक रुपये प्रति किलो की दर से दो माह का दो किलो तथा अन्त्योदय परिवारों को 35 किलो खाद्यान्न के साथ-साथ शक्कर प्रति परिवार एक किलो 20 रूपये प्रति किलो की दर से दो माह की दो किलो वितरण कराया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को प्रति सदस्य पांच किलो खाद्यान्न नि:शुल्क वितरण करवाया गया। जिन परिवारों द्वारा माह फरवरी 2022 में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का नि:शुल्क चावल एक किलो प्रति सदस्य तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत एक किलो चावल एक रुपये प्रति किलो की दर से प्रति सदस्य प्राप्त नहीं किया है वह राशन दुकान पर जाकर परिवार के समस्त सदस्यों का चावल प्राप्त कर सकते हैं।

# 40 साल का हुआ भारत भवन

### पांच दिन चलेगा वर्षगांठ का जश्न

**भोपाल।** आगामी 13 फरवरी को भवन 40 साल का हो जाएगा। कोविड महामारी की वजह से इस साल भी भारत भवन का स्थापना दिवस समारोह कम दिनों का होगा, लेकिन पिछले साल से एक दिन ज्यादा। पिछले साल यह सेलिब्रेशन चार दिनों तक चला था। इस वर्ष स्थापना दिवस समारोह 13 से 17 फरवरी तक मनाया जाएगा। हालांकि पहले दिन पुरस्कार वितरण समारोह होने के कारण किसी बड़े कलाकार को प्रस्तुति के लिए नहीं आमंत्रित किया गया है। समारोह के पहले दिन 22 कलाकारों और लेखकों को पूर्व घोषित राष्ट्रीय कालिदास और शिखर सम्मान से नवाजा जाएगा। उसी दिन पुरस्कार विजेताओं की कला कृतियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। इनमें ज्योति भट्ट (गुजरात), ध्रुव मिस्त्री (बड़ौदा), देवीलाल पाटीदार (भोपाल), मनीष पुष्कले, इरा चौधरी और परमजीत सिंह (सभी दिल्ली से) शामिल हैं। पद्श्री सम्मान के लिए नामांकित गोंड चित्रकार दुर्गा बाई के चित्रों की प्रदर्शनी भी इस मौके पर संयोजित की जा रही है। स्वर वेणु गुरुकुल, इंदौर के कलाकार संतोष संत के निर्देशन में बांसुरी सप्तक की प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन कालिदास सम्मान



पुरस्कार विजेता अनिल रस्तोगी द्वारा निर्देशित नाटक %आखिरी वसंत का मंचन दर्पण लखनऊ के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। 15 फरवरी को कथक पर आधारित नृत्य नाटिका अमृत से नर्मदा सुचित्रा हरमलकर और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। 16 को कवि सम्मेलन और नाट्य मंचन 17 को~गुरुदत्त की क्लासिक फिल्म प्यासा16 फरवरी को दोपहर में प्रदर्शित होगी। उसी दिन शाम को बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भाग लेने वाले कवियों में विश्वनाथ प्रसाद तिवारी (हिंदी), मिथिला प्रसाद त्रिपाठी और रामनाथ झा (संस्कृत), परमिता सतपती (उड़िया), कल्पना दुधल (मराठी) शामिल हैं। समापन दिवस 17 फरवरी को रंगपीठ, मुंबई की टीम द्वारा कालिदास सम्मान पुरस्कार विजेता वामन केंद्रे के निर्देशन में नाटक मोहे पिया का मंचन किया जाएगा।



### मुख्यमंत्री कर सकते हैं समारोह का शुभारंभ

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समारोह का उद्घाटन कर सकते हैं। इस मौके पर संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर भी मौजूद रहेंगी। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेमशंकर शुक्ला ने बताया कि इस साल इस कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर आयोजित करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन कोरोना महामारी की तीसरी लहर की वजह से समारोह को छोटा करना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि भारत भवन का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 13 फरवरी 1982 को किया था। तब से भवन देश और विदेश के प्रख्यात लेखकों और कलाकारों के प्रदर्शन का मुख्य केंद्र रहा है। इसका स्थापना दिवस भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। वर्ष 2020 में उत्सव 11 दिनों तक चला था।

# शासकीय राशन दुकान में रिकार्ड से अधिक राशन मिला, केस दर्ज



### हनुमानगंज क्षेत्र का मामला, खाद्य विभाग की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

**भोपाल।** जिला प्रशासन की खाद्य शाखा की शिकायत पर दो थानों में दुकान संचालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इन मामलों में अभी किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक खाद्य शाखा के अधिकारी सफदर खान ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि काजी कैंप स्थित अनीस अली, अजहर अली को शासकीय उचित मूल्य की दुकान आवंटित है। लंबे समय से दुकान संचालक द्वारा अनियमितता करने की शिकायत मिल रही थी। इस आधार पर 16 जनवरी को दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। रिकार्ड से मिलान करने पर पाया गया कि दुकान में रिकार्ड में दर्ज राशन से अधिक राशन मौजूद है। राशन की मौजूदगी के बारे में दुकान संचालक भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। शिकायत की जांच के बाद गुरूवार शाम चार बजे दुकान संचालक अनीस अली, अजहर अली के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया। उधर, ईंटखेड़ी थाना पुलिस के मुताबिक खाद्य शाखा के आपूर्ति अधिकारी दिनेश कुमार ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि 12 जनवरी को ईंटखेड़ी बायपास रोड पर एक दुकान पर अवैध रूप से डीजल बेचा जा रहा था। दुकान का संचालन राकेश दुबे नाम का व्यक्ति करता है। शिकायत की जांच के बाद गुरूवार को राकेश के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया। इसी थाने में आपूर्ति अधिकारी संतोष उईके ने शिकायत कराई थी। उसमें बताया कि 12 जनवरी को परेवाखेड़ा स्थित बजरंग सर्विस सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान वहां से बेचे जा रहे डीजल के सैंपल की जांच की गई। उसमें मिलावट पाई गई। शिकायत की जांच के बाद गुरुवार को सर्विस सेंटर के संचालक मुकेश मीना के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

# आरटीओ संबंधी कार्यों के लिए दो-दो जगहों के लगाने पड़ रहे चक्कर

**भोपाल।** राजधानी में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) बीते डेढ़ महीने से दो जगहों पर संचालित हो रहा है। इसकी वजह से लोगों को आरटीओ संबंधी कार्यों के लिए दो-दो जगहों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ज्ञात हो कि परिवहन विभाग ने 25 दिसंबर को सात नंबर मानसरोवर काम्प्लेक्स के पीछे से आरटीओ की सिर्फ परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस शाखा को कोकता नए भवन में शिफ्ट किया। वाहनों की फिटनेस, पंजीयन शाखा, स्थानांतरण सहित अन्य शाखाओं को शिफ्ट नहीं किया गया। इसी वजह से लोगों को आरटीओ संबंधी कार्यों को लिए दो अलग-अलग कार्यालयों में आना-जाना करना पड़ रहा है। डेढ़ माह से लोग इस वजह से परेशान हो रहे हैं, लेकिन अभी तक इसका कोई हल निकाला नहीं गया है। राजधानी के लोग आनलाइन परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस का आवदेन करने के बाद सात नंबर पुराने आरटीओ से कोकता 14 किमी दूर जाते हैं। वहीं यदि किसी गाड़ी का फिटनेस कराना हो तो सात नंबर ही आना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अब एक ही जगह आरटीओ संचालित होने लगे तो दो अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। कोकता आरटीओ भवन यहां पर रोजाना सिर्फ परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस ही बनाए जा रहे हैं। आनलाइन आवेदन करने के बाद लोग फोटो कराने के लिए कोकता में बने नए भवन में जा रहे हैं। यह भवन संत हिरदाराम नगर से 25 किमी पड़ता है। वहीं कोलार से 20 किमी दूरी है। इसी तरह मिसरोद से 15 किमी दूर है। अभी नए भवन में रोजाना 150 से 200 ड्राइविंग लाइसेंस ही बनाए जा रहे हैं। सात नंबर मानसरोवर काम्प्लेक्स-आरटीओ के पुराने भवन में 300 से 350 वाहनों के पंजीयन हो रहे हैं। इसके अलावा रोजाना 150 तक वाहनों के पंजीयन, 100 वाहनों के स्थानांतरण, 50 से अधिक आनलाइन वाहनों की एनओसी सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं। अभी पुराने आरटीओ भवन में अधिक काम हो रहे हैं। इससे पुराने आरटीओ में रोजाना एक हजार लोग पहुंच रहे हैं।



# आरजीपीवी क्रिकेट टूर्नामेंट में रीवा का इन्दौर को हराकर अगले दौर में प्रवेश

**भोपाल।** रातीबड़ स्थित राधारमण समूह परिसर में शुक्रवार से राज्यस्तरीय राधारमण-आरजीपीवी क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले शुरू हो गए है। पहले मुकाबले में रीवा ने इंदौर को 22 रनों से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। राधारामण के खेल मैदान पर इन्दौर की टीम ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रीवा ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 101रन बनाए। इसमें कप्तान शिवम सिंह परिहार ने 35 और बल्लेबाज आदर्श कुमार वर्मा ने 28 रनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी इन्दौर की टीम कमजोर साबित हुई और 17 ओवरों में 79 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस प्रकार रीवा ने यह मुकाबला 22 रनों से जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। इससे पहले इस टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन राधारमण इंजीनियरिंग कालेज के डायरेक्टर अनुराग जैन ने किया। उन्होंने में दोनों टीमों का परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का फाइनल सात फरवरी को खेला जाएगा।

# लुटेरों तक पहुंची पुलिस



## एक दर्जन मल्टियों और 45 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस की पकड़ में आए, कई जिलों में कर चुके थे वारदात

**भोपाल ।** हबीबगंज पुलिस ने शुक्रवार को रीवा के रहने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस दौरान उनका एक साथी फरार होने में कामयाब हो गया। ये तीनों बदमाश हिंसक प्रवृत्ति के लुटेरे हैं। वह चोरी की बाइक से रीवा, सतना, सागर, इंदौर, रायसेन में लूट करते हुए भोपाल पहुंचे थे। बदमाशों ने गुरुवार को जब हबीबगंज में एक युवती का पर्स लूटा तो पुलिस सक्रिय हुई और करीब 45 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाई गई मल्टियों को खंगालते हुए आरोपितों तक पहुंच गई और तीन बदमाशों को दबोच लिया। हबीबगंज थाना प्रभारी भान सिंह प्रजापति के मुताबिक जबलपुर निवासी तंजीम मंसूरी (20) बालिका छात्रावास चार इमली में रहकर मेकअप आर्टिस्ट का कोर्स कर रही है। उसके पिता शेख अकरम मंसूरी सेना में हवलदार हैं। गुरुवार को वह कोलार तिराहा की ओर से बिट्टन मार्केट पैदल आ रही थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे अक्षय अस्पताल के पास पीछे से लाल रंग की बाइक पर चार युवक आए और उनमें से एक ने तंजीम से हैंडबैग छीन लिया। हैंडबैग में करीब सात हजार रुपये रखे थे। इस पर पुलिस ने लूट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया था।

# कलेक्टर व एसपी पहुंचे बरमान

## नर्मदा जयंती की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**नरसिंहपुर यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बरमान पहुंचे। 8 फरवरी को नर्मदा जयंती से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए समय पर सभी व्यवस्थायें कोविड गाइड लाइन के अनुरूप पुख्ता कर लेने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने बरमानकलां एवं बरमान खुर्द के नर्मदा घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने नर्मदा जयंती पर सांस्कृतिक संध्या निर्झरणी उत्सव के आयोजन के लिए जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, एसडीएम सुश्री सृष्टि जयंत देशमुख व राजेश शाह अन्य अधिकारी सरपंच, सचिव मौजूद थे।

कलेक्टर ने नर्मदा आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच, बैठक व्यवस्था, लाईट, बैक ड्राप, एलईडी, कलाकारों के लिए आवश्यक व्यवस्था, नर्मदा के दोनों तटों पर कंट्रोल रूम और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, अनाउंसमेंट, श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल टायलेट, एम्बुलेंस, डस्टबिन, घाटों के दोनों तरफ पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, साफ- सफाई, तैराक, सुचारू आवागमन, सुरक्षा के इंतजाम के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि नर्मदा जयंती के आयोजन के बाद अगले दिन भी घाटों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जावे। नगर पालिका करेली के अमले को इस व्यवस्था में लगाया जाये।

### नर्मदा जयंती पर सांस्कृतिक संध्या निर्झरणी उत्सव का होगा आयोजन

8 फरवरी को नर्मदा जयंती पर बरमानकलां में नर्मदा तट के समीप सांस्कृतिक संध्या निर्झरणी उत्सव का आयोजन संस्कृति संचालनालय द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर नर्मदा केन्द्रित नृत्य नाटिका उज्जैन की सुश्री कीर्ति प्रमाणिक एवं साथी प्रस्तुत करेंगे। भक्ति गायन बालाघाट की सुश्री मुस्कान चौरसिया एवं साथी करेंगे। नर्मदा केन्द्रित लोक गायन सागर के श्री आशीष श्रीवास्तव एवं साथी प्रस्तुत करेंगे।

इस सिलसिले में कलेक्टर ने आमंत्रित सभी कलाकारों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम दिवसों में मौजूद लोगों के सेनेटाईजेशनए सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क, ताप परीक्षण संबंधी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कोरोना को दृष्टिगत रखते हुए भीड़भाड़ एवं संक्रमण को रोकने की दृष्टि से ग्रीन रूम, मंच एवं आने- जाने के प्रबंध करने के लिए कहा गया।

# पौधारोपण कर स्कूल परिसर को बना रहे हरा भरा



**गाडरवारा यभाप्र।** साईखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम निमावर के शासकीय हाईस्कूल के शिक्षक इन दिनों पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल करते हुए पौधारोपण कर शाला परिसर को हरा भरा बनाने में जुटे हुए है। स्कूल के माध्यमिक शिक्षक पवन राजौरिया ने बताया की स्कूल के प्राचार्य अरुण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में हम लोगो ने शाला परिसर में आम, अमरूद, उमर, कांजी एवं अन्य उपयोगी पौधे लगाकर बाकायदा इनके रखरखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी आपस मे बांट ली है। प्रतिदिन हम सभी इन पौधों को पानी भी देते है। पौधारोपण में प्रभारी प्राचार्य श्री तिवारी के साथ पवन राजौरिया के अलावा सतीश कबड़े, कमलेश साहू, बसंत दुबे, पूनम पटैल, रींना राजपूत आदि के साथ स्कूल के छात्र-छात्राओं का सहयोग निरंतर मिल रहा है। स्कूल में हो रहे पौधारोपण की ग्राम के सरपंच महंत शिवेंद्रकांत पूरी गोस्वामी ने भी सराहना करते हुए इसे स्कूल की बेहतरी की दिशा में शिक्षकों की सराहनीय पहल बताया है।

# जिले में शिक्षा चेतना टीम का हुआ गठन

**गाडरवारा यभाप्र।** कलेक्टर रोहित सिंह की सत्प्रेरणा व जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सोनवणे एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन के सहयोग से सम्पूर्ण जिले में निकाली गई शिक्षा चेतना यात्रा के सुखद परिणाम वर्तमान शिक्षा जगत में परिलक्षित हुए हैं। शिक्षा गुणवत्ता की धारा अनवरत जिले में प्रवाहित होती रहे तथा शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों द्वारा नित्य प्रति नवाचार व विभिन्न नूतन शैक्षिक गतिविधियाँ संचालित हों एवं जरूरत मंद शिक्षकों को आवश्यक सुझाव और सकारात्मक दिशा मिले इस उद्देश्य से डी ई ओ नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा चेतना संवाहक हल्के वीर पटैल द्वारा संपूर्ण जिले के प्रत्येक ब्लॉक में शिक्षा चेतना विकास खंड स्तरीय शिक्षा चेतना संवाहक एवं सहायक संवाहक के पद नियुक्त कर दिये गये हैं। साथ ही जिले में बालिका शिक्षा को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके इस उद्देश्य से शिक्षा चेतना टीम की कुछ बहिन शिक्षकों को सावित्री बाई फुले चेतना दल का मुखिया बनाया गया है।

गौरतलब हो की गणतंत्र दिवस समारोह में शिक्षा चेतना यात्रा रथ, शिक्षा विभाग को लंबे अरसे बाद प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है जिससे सम्पूर्ण शिक्षकों में हर्ष व उल्लास का वातावरण व्याप्त है। शिक्षा चेतना टीम द्वारा विकास खंड स्तरीय संवाहक एवं सहायक संवाहक के पद वितरित किये गए जिसमें ब्लाक साईंखेड़ा सेभानुप्रताप सिंह राजपूत, सुरेश कुमार श्रीवास, ब्लॉक करेली से राजेन्द्र दुबे, शिव कुमार पटेल, ब्लॉक चीचली से योगेन्द्र सिंह सिलावट, दीपक कुमार गुप्ता, ब्लॉक गोटेगाँव से अनुपम तिवारी, देवेन्द्र दिवाकर, ब्लॉक नरसिंहपुर से कु. निर्मला मेहरा, देवेन्द्र पटेल, ब्लॉक चाँवरपाठा से भगवान उपाध्याय, परवेज अख्तर खान को क्रमश: शिक्षा चेतना संवाहक एवं सहायक संवाहक के पद पर नियुक्त किया गया। जिला शिक्षा चेतना मार्गदर्शक कमेटी भी बनाई गई जिसमें प्रतापनारायण बी ई ओ जय मोहन शर्मा, राजेश बरसैंया, राजेश कुमार सोनी, नागेन्द्र त्रिपाठी, सत्यप्रकाश त्यागी, मधुसूदन पटेल, वैणीशंकर पटेल, डी.डी. वर्मा, प्रफुल्ल कुमार दीक्षित, श्रीमती पूर्णिमा दुबे, सिराज अहमद सिद्धकी, सुनील श्रीवास को लिया गया है। विशेष सहयोगी के रूप में शेख जाफर खान, दीनदयाल राय, मुबीन खान आदि को लिया गया। बालिका शिक्षा प्रोत्साहन व उन्नयन हेतु सावित्री बाई फुले चेतना दल में श्रीमती ममता नामदेव, श्रीमती डॉ मंजुला शर्मा, श्रीमती सरिता पटैल, श्रीमती अंजुलता नेमा, श्रीमती सुषमा बसेड़िया, श्रीमती सुषमा पटेल श्रीमती लक्ष्मी पटेल, श्रीमती प्रभा वर्मा, श्रीमतीअर्पणा निकिता ब्राउन, श्रीमती सुनीता सोनी, श्रीमती पूर्णिमा दुबे, श्रीमती आराधना श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति राजपूत, श्रीमती सुधा शर्मा, सुश्री निर्मला मेहरा, श्रीमती हेमलता राजपूत, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल, श्रीमती संयोगिता कौरव को सम्मिलित किया गया। विशेष सहयोगी के रूप में राजेंद्र गुप्ता, अनुरुद्ध अवस्थी, मनीष पटेल, पोहुप सिंह पटैल, प्रभात रूसिया, राघवेंद्र राजपूत, विनय रावत, प्रहलाद महंत, सुरेन्द्र पटैल, कमलेश विश्वकर्मा, रमेश खंगार एवं हरिराम कुशवाहा को शामिल किया गया है।

# मारपीट करने वाले आरोपीगणों को 6-6 माह का सश्रम कारावास

**नरसिंहपुर यभाप्र।** न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कमलेश साहू के न्यायालय द्वारा मारपीट करने के प्रकरण में आरोपी बडडू उर्फ राजाराम पिता पूरन गडरिया और आरोपी रंजीत पिता रतन गडरिया दोनो निवासी ग्राम निवारी को भादस की धारा 324/34 दो बार में दोषसिद्ध पाते हुए दोनो को 6-6 माह का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपये के अर्थदण्ड सें दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया कि फरियादी दौलत काछी ने 18/05/2015 को पुलिस चौकी निवारी में इस आशय कि प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि वह ग्राम दुल्लावारी निवारी में रहता है और कास्तकारी करता है। उक्त दिनांक को प्रार्थी दौलत काछी लगभग 8 बजे अपने घर पर बैठा था। गांव की एक गाय लगभग 8 दिनों से उसके खेत की प्याज व बराई की फसल का नुकसान कर रही थी जो फिर से उक्त दिनांक को खेत मे घुसकर फसल को नुकसान पहुँचा रही थी। तब फरियादी दौलत काछी ने गांव के कुछ लोगो की मदद से गाय को पकड़कर खेत के आम के पेड़ के नीचे बांध दिया। आरोपी बडडू गडरिया और रंजीत गडरिया खेत पर आये और बोले कि हमारी गाय को क्यों बांधे हो और फरियादी को मां बहन की गंदी-गंदी गालिया देने लगा। अभियुक्त रंजीत ने प्रार्थी दौलत काछी को कुल्हाडी जैसी चीज से मारा जिससे दौलत काछी के बाये हाथ के पंजा में चोट आई। प्रार्थी का हल्ला सुनकर प्रार्थी की मां कमलाबाई ठाकुर उसे बचाने आई। अभियुक्त बडडू ने प्रार्थी की मां कमलाबाई के साथ भी मारपीट की जिससे कमलाबाई के दाहिने हाथ की छिंगली में चोट आई। फरियादी के कथन के आधार पर चौकी निवारी में शून्य पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# एटग्रेड अभ्यास पुस्तिका पर हो सार्थक कार्य



**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकास खंड शिक्षा अधिकारी ए.एस. मसराम ने शालाओं के संचालन में कोरोना गाइडलाइन के पूर्णत: पालन करने के निर्देश दिए। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटैल ने वर्तमान में जारी निष्ठा प्रशिक्षण, शालेय सुरक्षा एवम सेफ्टी कार्यक्रम, प्रौढ़ शिक्षा आधारित कार्यक्रम, पीएम पोषण तथा स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार संबंधी बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बीएसी अरुण दुबे एवम सत्यम ताम्रकार ने प्रतिभा पर्व मूल्यांकन तथा परिणाम प्रविष्टि एवं वर्तमान में एटग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओं पर छात्रों द्वारा किए जाने वाले कार्य के विषय में चर्चा की। इस बैठक में एम आ ई ए स कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव, लेखापाल खुशबू ब्रिजपुरिया, जनशिक्षक अनूप पालीवाल, अजय नामदेव, संजय सोनी, सत्यम ताम्रकार, दिलीप राजगौंड, हरिओम स्थापक, दलगंजन सिंह कौरव, कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

# विद्यालयों की गुणवत्ता को लेकर किया जा रहा निरीक्षण

**डोभी यभाप्र।** चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में जनशिक्षकों के द्वारा औचक निरीक्षण कर विद्यालयों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। इसी सिलसिले में विगत दिवस चाँवरपाठा जनशिक्षक ज्ञानसिंह कौरव एवं महेश ठाकुर द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें शासकीय माध्यमिक शाला छत्तरपुर, प्राथमिक शाला नैनवारा, प्राथमिक शाला दमोहिया का औचक निरीक्षण किया। जनशिक्षक ने विद्यालय के शिक्षकों से शैक्षणिक गुणवत्ता के सुधार की प्रोग्रेस रिपोर्ट तलब की। शाला अभिलेखों का मुल्यांकन कर कुछ निर्धारित बिन्दुओं पर संतोष व्यक्त किया तथा कुछ पर सुझाव भी दिये। एटग्रेट अभ्यास पुस्तिका पर कार्य करने, कोरोना गाइड लाइन के तहत बच्चों की 50 उपस्थिति पालकों की सहमति तथा वार्षिक मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए बच्चों की तैयारी पर जोर दिया। बच्चों को उन्होंने नियमित आने तथा अध्ययन करने पर संक्षिप्त व्याख्यान दिया। मध्याह्न भोजन के रसोईयों पर विना माक्स भोजन परसने पर जनशिक्षक द्वारा नाराजगी की गई। इस अवसर पर शाला शिक्षक धनीराम पटैल, प्रधानपाठक पंकज पटैल, राजेन्द्र पटैल, प्रहलाद पटैल, चौधरी दीपसिंह, अनिल श्रीवास्तव नैनवारा प्रधानपाठक नरेन्द्र दुबे दमोहिया प्रधानपाठक नारायण सिंह पटैल उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर डीईओ ने शिक्षकों के साथ एसडीएम से की मुलाकात



**गाडरवारा यभाप्र।** गत दिवस स्थानीय अनुविभागीय कार्यालय राजस्व में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जे एस विल्सन ने शिक्षको के साथ एसडीएम सुश्री सृष्टि देशमुख से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डीईओ श्रीमती विल्सन ने एसडीएम को बताया की साईंखेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सिरसिरी के शासकीय हाईस्कूल के अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय पर ग्राम के कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है जिसके चलते स्कूल के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल की प्राचार्य उन लोगो से अतिक्रमण हटाने को कह चुकी है लेकिन वह लोग अतिक्रमण नही हटा रहे है। डीईओ श्रीमती विल्सन ने एसडीएम से इस मामले में जल्द हस्तक्षेप की मांग करते हुए अतिक्रमण हटवाने की बात कही है। इस अवसर पर प्रभारी बीआरसी संदीप स्थापक, बीटीआई स्कूल प्राचार्य जयमोहन शर्मा, के.के. राजौरिया, मनमोहन शर्मा, जिला मीडिया दल सदस्य मधुसूदन पटेल एवं रोहित वाल्मीक आदि भी मौजूद रहे।

# एसईसीएल कर्मचारी बनाएंगे सोशल फंड

धनपुरी। एसईसीएल सोहागपुर एरिया अंतर्गत एरिया मुख्यालय, केंद्रीय चिकित्सालय, और एरिया भंडार, के कर्मचारियों के बीच एक सोशल फंड बनाने का निर्णय लिया गया है 7 जिसमें सदस्य कर्मचारी अपने पेमेंट से दो सौ रूपये प्रति माह की कटौती कराएंगे और इस फंड से इन तीन शाखाओं में कार्य के दौरान किसी कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु उपरांत उनके परिजनों को सहायता राशि 20 हजार रुपए तत्काल प्रदान की जाएगी 7 कंपनी की तरफ से जो मिलता है वह सुविधा तो मिलेगी ही7

सोहागपुर एरिया वायरलेस आफिस मे ऑपरेटर के पद पर कार्यरत श्री शुक्ला का ड्यूटी के दौरान आकस्मिक निधन गत दिवस हो जाने पर आयोजित शोक सभा सभा में कालरी प्रबंधन व सभी श्रमिक संगठन इंटक, एचएमएस, बीएमएस ,यूनियन के पदाधिकारीयों की मौजूदगी में यह निर्णय लिया गया है।

एसकेएमएस सोहागपुर एरिया के अध्यक्ष रावेन्द्र शुक्ला ने अपनी इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि तीनों शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों का आकस्मिक निधन हो जाने पर अपने पेमेंट से दो दो सौ रूपये की कटौती कर एक सोशल फंड बनाया जाएगा और ऐसे दुखद समय में उसके परिवार जनों को एकत्र कर 20 हजार रूपए सहयोग राशि के रूप में दिया जाएगा। एसईसीएल सोहागपुर एरिया के उक्त कर्मचारियों द्वारा अपने साथी कर्मचारियों की मृत्यु पर शोक संतप्त परिवार के प्रति सद्भावना स्वरूप लिए गए इस निर्णय की सभी लोगों ने सराहना की और एक सुर में सहमत प्रदान की गई एरिया के लिए यह एक नई पहल है।

# तेंदूखेड़ा के 7 स्थानों पर होगा गेंहू खरीदी पंजीयन

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा रवि विपणन 2022-23 में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी हेतु पंजीयन 5 फरवरी से 5 मार्च तक प्रारंभ किये जाने के निर्देश जारी किये है। जिसके अंतर्गत तेंदूखेड़ा तहसील के तहत वृहताकार सेवा समिति चांवरपाठा सेवा सहकारी समिति तेंदूखेड़ा, डोभी एवं प्राथमिक सहकारी समिति बिलहेरा, बिलगुंवा, रम्पुरा एवं काचरकोना में पंजीयन किये जावेगें।

# परीक्षा केन्द्रों को मिले आवश्यक दिशा निर्देश

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** कोविड संक्रमण के बढ़ती स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की परीक्षाओं को लेकर एक संशयपूर्ण स्थिति बनी हुई थी वहीं मंडल द्वारा पूर्व में ही फरवरी माह में परीक्षाएं संपन्न कराने का निर्णय ले लिया था। चूंकि जिन स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाये जाते है वहां पर अभी तक कोई स्थिति स्पष्ट न होने को लेकर अचानक मिले दिशा निर्देशों के उपरांत अब स्कूल प्रबंधन अपने अपने स्तर से व्यवस्थाओं में जुट गये है। चांवरपाठा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 1211 एवं कक्षा 12वीं हायर सेकेण्डरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 1041 छात्र सम्मलित होगें। मंडल द्वारा इन सभी छात्रों के प्रवेश पत्र भी जारी कर दिये है एवं संबंधित स्कूल के प्राचार्यो को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए भी निर्देश दिये गये है। मिली जानकारी के अनुसार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में सर्वाधिक छात्र सम्मलित हो रहे है। इनमें कक्षा 10वीं में 332 तथा कक्षा 12वीं में 334 छात्र परीक्षा देगें। जिसमें बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ज्ञानोदय कान्वेंट सर्वोदय उच्चतर विद्यालय तथा इमझिरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र शामिल है। बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा क्षेत्र में कक्षा 10वीं में 183 एवं 12वीं में 180 छात्र परीक्षा देगें। इस केन्द्र में कन्या उच्चतर तेंदूखेड़ा टेकापार और ज्योर्तिमय विद्यालय तेंदूखेड़ा के छात्र शामिल है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में कक्षा 10 वीं में 213 एवं 12वीं में 212 छात्र बैठेगें। इस केन्द्र में आदर्श ज्ञान ज्योति शारदा विद्या निकेतन और बिलहेरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र सम्मलित होगें। बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी परीक्षा केन्द्र में कक्षा 10वीं में 190 और 12वीं में 175 छात्र बैठेगें, जिसमें कन्या उच्चतर डोभी एवं ज्ञानभूमि स्कूल के छात्र शामिल है।

उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा परीक्षा केन्द्र में कक्षा 10वीं में 110 एवं 12वीं में 97 छात्र बैठेगें। हाईस्कूल काशीखैरी भी इस केन्द्र में शामिल है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलथारी में कक्षा 10वीं में 54 एवं 12वीं में 43 छात्र बैठेगें। वहीं हाईस्कूल भामा में 129 छात्र परीक्षा देगें।

# स्वतंत्रता सेनानी की जन्म जयंती पर मनाया जायेगा गौरव दिवस

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** नगर में समरसता का वातावरण बनाने प्राचीन हमारी धरोहरों तथा नगर के प्रति जिनके द्वारा अपना समर्पण करते हुए करते हुए नगर का गौरव बढ़ाया है उनके इतिहास के बारे में लोगों एवं हमारी भावी पीढ़ी को उनके बारे में आवश्यक जानकारी देने की मंशा से किसी एक दिन गौरव दिवस के रूप में मनाने को लेकर नगर परिषद् तेंदूखेड़ा के सभागृह में सभी वर्गों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें तेंदूखेड़ा के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाने वाले तथा ग्राम पंचायत के प्रथम सरपंच रह चुके स्वतंत्रता सेनानी भागचंद्र जैन इनकी जन्म जयंती 28 दिसम्बर को गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही अम्बेडकर पार्क के समीप इनकी मूर्ति लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इस दिवस नगर में और भी विभिन्न आयोजन किये जाने का भी निर्णय लिया गया है। गौरतलब रहे कि स्वतंत्रता सेनानी भागचंद्र जैन को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमति इंद्रा गांधी के द्वारा 15 अगस्त 1972 को ताम्रपत्र देकर सम्मानित भी किया जा चुका है।

## बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

# नपा पसान मे भ्रष्टाचार का खेल चरम पर, अध्यक्ष बनी नगर विकास पर रोड़ा.. ?

**वर्तमान सुमन राजू गुप्ता ने लिखे भ्रष्टाचार के नए नए अध्याय, आयुक्त नगरी प्रशासन विभाग भोपाल से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने की शिकायत, अध्यक्ष सीएमओ के खुद के विकास के चक्कर में परोसे भ्रष्टाचार, शिकायत होता देख कर वर्तमान उपाध्यक्ष आनन-फानन में बंद कमरे में किया गुपचुप तरीके से प्रेसवार्ता, वर्तमान अध्यक्ष ने 5 वर्षो तक संसार के सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी व्यक्ति की क्यों नहीं कराई जांच जब खुद पर उठने लगे भ्रष्टाचार एवं शासकीय पैसे का दुरुपयोग अरोफ तब याद आया पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष का भ्रष्टाचार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग।***

कोतमा / एक ओर शिवराज सरकार भ्रष्टाचारियों पर अंकुश लगाने के लिए बड़े बड़े दावे करती है किंतु अनूपपुर जिले की बहुचर्चित नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष सीएमओ भ्रष्टाचार के पालन हार बन गए।विगत लगभग 5 वर्ष में नई परिषद में भ्रष्टाचार के नए नए खेल होते रहे और शासकीय पैसे का दुरुपयोग कर जिम्मेदार अपनी अपनी जेब गर्म करते रहे।नपा अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता की राजनैतिक इतिहास भी दल बदल पार्टी का रहा है उनकी लालसा पार्टी के सेवा समर्पण नहीं बल्कि सत्ता के सिंहासन में बैठकर भ्रष्टाचार परोस की पहचान बन गई। जहा सत्ता वहा हम मौका देखकर गुलाटी मारने का राजनीति खेल कोई इनसे सीखे।सुमन राजू गुप्ता पूर्व में कांग्रेस पार्टी से अध्यक्ष बनी, जब इन्हें कांग्रेस पार्टी ने नपा अध्यक्ष चुनाव का टिकिट नही दिया तो पार्टी से बगावत कर कांग्रेस को टाटा बाय बाय कर निर्दलीय प्रत्याशी बनकर अध्यक्ष तो बन गई किंतु समय सत्ता बदलते ही भाजपा का झंडा तो ओढ़ लिया किंतु आज भी वर्तमान अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के पुराने ढर्रे पर चलकर विकास का चोला ओढ़कर भ्रष्टाचारी नीति पर जोर देकर शासकीय पैसे का दुरुपयोग कर नगर के विकास कार्यो पर ग्रहण लगा दिया।

### *भ्रष्टाचारी अध्यक्ष की गुपचुप तरीके से प्रेसवार्ता,अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने का प्रयास -राम अवध सिंह*

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवम भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम अवध सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता एवम तत्कालीन सीएमओ राम सेवक हलवाई पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन एवम आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग,भोपाल से शिकायत होते ही वर्तमान नपा अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता की भ्रष्टाचार की पोल खुलते ही बंद कमरे में चार दिवारी के अंदर अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता व अध्यक्ष पति ने बौखलाहट में आनन फानन में अपने भ्रष्टाचार के कारनामों को छुपाने की नियत से पूर्व नपा अध्यक्ष राम अवध सिंह पर झूठे आरोप प्रत्यारोप की झड़ी लगा डाली और उन्हे एवम परिवार को संसार का सबसे भ्रष्टाचारी व्यक्ति बताने में क्षण भर देर नहीं की।किंतु वर्तमान अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता 5 वर्षो तक अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान रही लेकिन संसार के सबसे भ्रष्टाचारी व्यक्ति बताकर अपने काले कारनामों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है।संसार के सबसे बड़े भ्रष्टाचारी व्यक्ति के विरुद्ध अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान होने के बाद भी कोई कार्यवाही क्यों नहीं करवा सकी, और पूर्व अध्यक्ष पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोप के साक्ष्य सबूत दस्तावेज अपने प्रेस वार्ता पेश नहीं किए क्या कल्पना से परे। जिससे वर्तमान अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता उनकी मंशा साफ नजर आती है कि छोटे आरोप-प्रत्यारोप लगा देना कितना आसान काम हो गया। खुद की जांच होता देखकर झूठे आरोप प्रत्यारोप षड्यंत्र रची कहानी लेकर प्रेसवार्ता कर राजनीति पर बैटिंग कर अपने भ्रष्टाचारी कारनामे उजागर होने के बाद बैकफुट पर बैटिंग करती नजर आ रही है।आज नगर के 80त्न लोग उनके द्वारा कराए गए कार्यो से खुश नहीं है,नगर के लोगो को वर्तमान अध्यक्ष से काफी अपेक्षा थी किंतु अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता लोगो की अपेक्षा पर खरी नहीं उतरी, जिसे वजह से जनता में काफी आक्रोश व्याप्त है और वही अध्यक्ष पति पर्दे के पीछे रहकर नगर पालिका को चला रहे हैं।

### *नपा अध्यक्ष ने सामग्री क्रय के नाम पर मचाई धूम- राम अवध सिंह*

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह ने वर्तमान अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता एवम तत्कालीन सीएमओ राम सेवक हलवाई की शिकायत आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग से करते हुए बताया कि पसान नगर पालिका क्षेत्र में वर्तमान परिषद के अध्यक्ष सुमन राजू गुप्ता एवम तत्कालीन सीएमओ राम सेवक हलवाई की जुगल जोड़ी ने नगर के विकास कार्य पर भर्रेशाही सी मचा रखी है,चाहे वह मामला कोविड के समय मे.आशीर्वाद कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर इस्लाम गंज वार्ड नं 9,कोतमा से घटिया क्वालिटी के मास्क,सेनेटाइजर दुगने तिगने मनमानी रेट में सामग्री क्रय कर लगभग 20 लाख रुपए की खरीदी कर भुगतान आंख आंख मूंदकर किया जाता रहा।एक ही महीना में 9 बार खरीदी होती है और भुगतान भी कर दिया जाता है।वही स्वच्छता सामग्री कीटनाशक पाउडर, फिनायल,पीपीई किट की लगभग 10 लाख रुपए से ज्यादा की खरीदी की गई।

### *नपा अध्यक्ष सीएमओ को नगर विकास चिंता नहीं खुद के विकास पर जोर-*

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रावत सिंह ने कहा वर्तमान नगर पालिका परिषद पसान में स्टेशनरी,प्रिंटिंग सीएमओ राम सेवक हलवाई ने भ्रष्टाचार की परिकाष्ठा की सभी हदें पार कर अपने पुस्तैनी निवास ब्योहारी, शहडोल से अपने चहेते अमर प्रिंटिंग प्रेस से पसान क्षेत्र से लगभग 160 किमी दूर जा कर लगभग 25 लाख रुपए की सामग्री मनमानी रेट में क्रय कर अपने चहेते व्यक्ति के फार्म को भुगतान किया जाता रहा।साप्ताहिक बाजार बैठकी वसूली जमुना भालूमाड़ा में लगभग 15 लाख रुपए की हेराफेरी कर नपा अध्यक्ष व सीएमओ सहित उसके चहेते अपनी अपनी जेब भरकर भ्रष्टाचार परोसते रहे। नपा पसान में पेट्रोल-डीजल,मोबीऑयल में भी व्यापक भ्रष्टाचार कर फर्जी बिल बनवाकर पैसे का बंदरबांट किया गया और ट्रैक्टर रिपेयरिंग,बस वाहन रिपेयरिंग,शव वाहन रिपेयरिंग एवम अन्य वाहनों की रिपेयरिंग के नाम पर शासकीय पैसे का बंदरबांट किया गया।विद्युत सामग्री एलईडी लाइट खरीदी में मापदंडों के विपरीत खरीदी कर अपने चहेते सप्लायर को जमकर फायदा पहुंचाया गया। 1 लाख के नीचे के कार्यो में ज्यादातर अपने चहेते व्यक्तियों को ठेकेदारी का कार्य देकर गुणवत्ता विहीन कार्यो को अंजाम दिया गया और कुछ तो कागजों पर ही हो कर बिल भुगतान कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता रहा और शासन को चुना लगाने का खेल चलता रहा। कुछ दिनों जलाऊ लकड़ी गिरवा कर लगभग 3 माह तक की जलाऊ लकड़ी का फर्जी बिल भुगतान करने के फिराक पर लगे,फ्लेक्सी बैनर,जेम पोर्टल के नाम पर जमकर अपने चहेते लोगो के नाम पर फर्जी भुगतान कर शासकीय पैसे का बंदरबांट किया गया।नगर पालिका विद्युत पोल में लरी लगवा कर जिसकी कीमत लगभग 30 रुपए प्रति मीटर के हिसाब से लगभग 120 से अधिकतम 200 रूपए तक होनी चाहिए परंतु प्रति लरी का भुगतान 1 हजार से 1500 रूपए कर भ्रष्टाचार के इतिहास नपा पसान के अध्यक्ष व सीएमओ द्वारा रचे गए।

# Mister Mummy FIRST LOOK:

## प्रेग्नेंट वाइफ जेनेलिया संग बेबी बंप दिखाते दिखे रितेश

**रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा डायरेक्टर शाद अली की अपकमिंग फिल्म 'मिस्टर मम्मी' (Mister Mummy) के साथ सिल्वर स्क्रीन वापसी करने के लिए तैयार हैं। टी-सीरीज ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म का पहला लुक साझा कर फिल्म का घोषणा कर दी है। फिल्म का पोस्टर सामने आते ही रितेश -जेनेलिया के फैंस एक्साइटेड हो गए हैं।**




### 10 साल बाद बड़े पर्दे पर दिखेगी ये जोड़ी

गौरतलब है कि रितेश-जेनेलिया बॉलीवुड के सबसे क्यूट कपल्स में से एक हैं। फैंस उन्हें ऑफ स्क्रीन जितना प्यार करते हैं, उनकी ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री भी सभी को पसंद आती है। आखिरी बार इस जोड़ी 2012 में फिल्म %तेरे नाल लव हो गया% में देखा गया था। हालांकि करीब 10 साल बाद एक बार फिर से इस पावर कपल जल्द ही देखने को मौका मिलेगा। टी-सीरीज ने मिस्टर मम्मी के तीन पोस्टर रिलीज किए हैं और पोस्टर से ही आप अंदाजा लगा सकते हैं कि फिल्म एक गुदगुदाने वाली कॉमिडी होने वाली है।

पहले पोस्टर में, प्रेग्नेंट रितेश देशमुख को अपने बेबी बंप को दिखाते हुए देखे जा सकते हैं। पोस्टर में उनके चेहरे को देखकर लग रहा है कि वह कितने हैरान-परेशान हैं। पोस्टर में वह ट्राउजर और चेक शर्ट के उपर एक ब्राउन स्वेटर पहने दिख रहे हैं। दूसरे पोस्टर में, आप देख सकते हैं कि रितेश अपने बेबी बंप के कारण अपनी पतलून की बटन बंद करने में काफी मशक्त करते हुए दिख रहे हैं।

### दूसरे पोस्टर में रितेश के साथ जेनेलिया

तीसरे और आखिरी पोस्टर में, रितेश और जेनेलिया दिख रहे हैं और दोनों अपने बेबी बंप के साथ बिस्तर पर लेटे हुए देख सकते हैं । हालांकि पोस्टर में जहां जेनेलिया के चेहरे पर मुस्कान हैं तो वहीं मायूस होकर कहीं खोये हुआ दिख रहे हैं। इस तरह फिल्म का सभी पोस्टर काफी दिलचस्प है।

कॉमेडी से भरपूर होगी फिल्म

फिल्म के फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए टी-सीरीज़ ने लिखा, ÷हंसी और कॉमेडी का एक रोलरकोस्टर, जल्द ही खुशखबरी सामने लाने वाली इस पागल सवारी के लिए तैयार हो जाइए ्रमिस्टरमम्मी।÷ वहीं जेनेलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्टर को शेयर करते हुए लिखती हैं- हंसी की एक ऐसी ट्विस्टेड राइड और कहानी जो पहले कभी नहीं देखी गई। दिल खोलकर हंसने के लिए तैयार हो जाइए और जब तक आपका पेट दर्द न करे ्रमिस्टरमम्मी।

गौरतलब है किफिल्म का निर्देशन शाद अली करेंगे और यह भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और शिव अनंत इसे प्रोड्यूस करेंगे। ये फिल्म टी-सीरीज़ फल्मिस और हेक्टिक सिनेमा प्राइवेट लिमिटेड प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई जा रही है।

# अनुपमा को नहीं दे पा रहा कोई टक्कर, टॉप 5 में इन धारावाहिकों ने बनाई जगह

बार्क ने चौथे हफ्ते की टीआरपी जारी कर दी है। पिछले हफ्ते कौन से रियलिटी शो या सीरियल को दर्शकों ने सबसे ज्यादा पसंद किया, इसका भी खुलासा हो गया है। हर बार पहले नंबर पर आने वाला स्टार प्लस का फेमस डेली सोप 'अनुपमा' इस हफ्ते भी पहले नंबर पर ही है। जानें इस हफ्ते किन सितारों के टीवी शोज




को मिली अनुपमा पिछले हफ्ते भी पहने नंबर पर रहा। शो की टीआरपी लगातार बढ़ रही है और अब यह 4.0 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन तक पहुंच गई है। इस वक्त शो में अनुज की बहन मालविका के मन में वनराज के लिए प्यार पैदा हो गया है। मालविका और वनराज मुंबई में रेस्तरां खोलने की प्लानिंग कर रहे हैं। दर्शकों को ये सब खूब पसंद आ रहा है।

### ये रिश्ता क्या कहलाता है

स्टार प्लस का पॉपुलर सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलता है' ने पिछले हफ्ते की तरह इस बार भी टॉप 2 में अपनी जगह बनाई है। शो को 3.3 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन मिले हैं। सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है की कहानी में एक के बाद एक उतार चढ़ाव आ रहे हैं। जल्द ही अक्षरा और आरोही के बीच झगड़ा खत्म होने वाला है।

### गुम है किसी के प्यार में

'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल इस बार भी टीआरपी चार्ट में तीसरे नबंर पर है। शो को 3.0 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन मिले हैं। नील भट्ट इस सीरियल में अबतक आपने देखा कि सई, विराट को तलाक देने के लिए कहती है। इसी को लेकर चल रहा ड्रामा दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।

### इमली

इमली इस बार एक स्थान आगे है। टॉप 5 सीरियल की लिस्ट में इमली चौथे नंबर पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते ये शो पांचवे नंबर पर था। इमली को 2.8 इंप्रेशन मिले हैं। इमली' की कहानी में एक ही ट्रैक को काफी समय से ऊपर-नीचे किया जा रहा है।

### ये हैं चाहतें

अबरार काजी और शरगुन कौर स्टारर सीरियल 'ये हैं चाहतें' इस बार टीआरपी लिस्ट के टॉप पांच में है। शो में दोनों का रोमांस दिखाया जा रहा है। इसे इस बार 2.7 इंप्रेशन मिले हैं।

# करिश्मा तन्ना ने शेयर कीं हल्दी सेरेमनी की अनदेखी तस्वीरें, टेरेंस लुईस ने किया मजेदार कमेंट

**टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमा चुकी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना की शादी की रस्में शुरू हो चुकी हैं। बीती शाम ही करिश्मा तन्नाकी हल्दी सेरेमनी का आयोजन हुआ था। करिश्मा 5 फरवरी 2022 को अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा संग शादी रचाने वाली हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी हल्दी सेरेमनी की अनदेखी तस्वीरों को शेयर किया है।**

करिश्मा तन्ना ने हल्दी सेरेमनी की कुछ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में करिश्मा तन्ना इतनी प्यारी लग रही हैं कि आप उनसे आसानी से नजरें नहीं हटा पाएंगे।

हल्दी सेरेमनी में करिश्मा तन्ना सफेद और गोल्डन रंग के ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आई हैं। इस ड्रेस के साथ उन्होंने मोतियों और सफेद फूलों से बने हुए ज्वेलरी को कैरी हुआ है।

सामने आई इन तस्वीरों में करिश्मा तन्ना की खुशी देखते ही बन रही है। साथ ही बिजनेसमैन बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा संग उनकी जोड़ी भी खूबसूरत लग रही है।



लोग करिश्मा तन्ना के आउटफिट और ज्वेलरी की खूब तारीफ कर रहे हैं। करिश्मा तन्ना का ये लुक अब हर जगह चर्चा में है। कुछ ही घंटे के अंदर ही करिश्मा तन्ना की हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी हैं। इन तस्वीरों पर उनके करीबी दोस्त और फैन्स लगातार कॉमेंट्स कर रहे हैं।

मृणाल ठाकुर, संजीदा शेख, असीम रियाज, आमिर अली और रोशनी चोपड़ा समेत कई सेलेब्स ने करिश्मा तन्ना को बधाई दी है। इसी के साथ टेरेंस लुईस के एक कमेंट ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

करिश्मा तन्ना और वरुण बंगेरा की हल्दी सेरेमनी की तस्वीरों पर टेरेंस लुईस ने हंसी वाली इमोजी शेयर की है। इसी के साथ उन्होंने लिखा है, %केटी तुमको पता ही है कि मैं क्यों हंस रहा हूं?% टेरेंस लुईस के इस कमेंट के बाद लोग सोच में पड़ गए हैं और अनुमान लगाने में जुटे हुए हैं कि आखिर उन्हें हंसी किस बात पर आई?



# ब्रैड से अलग होने का फैसला आसान नहीं था

लॉस एंजिलिस। ब्रैड पीट से तलाक के बाद अभिनेत्री एंजेलिना जोलीने भी पिछले दिनों कहा था कि ब्रेड से अलग होने का फैसला आसान नहीं था। वो टूट गई थीं। अब वो उम्मीद करती हैं कि ब्रेड भी अपनी जिंदगी में आगे बढ़ जाएंगे। हालांकि कई बार एंजेलिना ब्रेड पर कुछ कुछ आरोप लगा चुकी हैं। एक इंटरव्यू में, एक्ट्रेस ने कहा कि वह पिट से अपने रिश्ते के दौरान अपने बच्चों के पालन-पोषण को लिए डरी हुई थीं। ब्रैड और एंजेलिना 6 बच्चों के माता-पिता हैं। इनमें से तीन उनके बायोलॉजिकल बच्चे हैं, जबकि 3 को उन्होंने गोद लिया था। कपल का सबसे बड़ा बच्चा मैडोक्स 19 साल का है।



# संजय व रणबीर संग आएंगी नजर...

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर को 'चंडीगढ़ करे आशिकी' में देखा गया था। अब जल्द ही वह अपकमिंग फिल्म 'शमशेरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर और संजय दत्त को लीड रोल में देखा जाने वाला है। फैंस एक बार फिर से उन्हें पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं। वहीं वाणी कपूर फिल्मों के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक बार फिर से वाणी ने फैंस के साथ अपना बेहद बोल्ड अवतार शेयर किया है। इस वीडियो में वाणी का लुक देख लोगों के होश उड़ गए हैं। यह वीडियो एक्ट्रेस के लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान का है। वीडियो में वाणी सिल्वर सिक्वेंस वाली व्हाइट बिकिनी पहने दिख रही हैं। उन्होंने इसके साथ व्हाइट कलर की लूज पैंट्स कैरी की हुई हैं।



# कार्तिक के घर आया नन्हा मेहमान...

मुंबई। कार्तिक आर्यन के घर एक नया मेहमान आया है। इस नए मेहमान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। ये नया मेहमान कार्तिक के घर पर जैसी ही आया तो सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीरें छा गईं। सामने आई तस्वीरों में कार्तिक एक प्यारे से सफेद रंग के डॉग को पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। कार्तिक ने इस नए मेहमान का नाम कटोरी रखा है। इस नए मेहमान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं,जिसमें कार्तिक इस नए मेहमान का दुलार करते नजर आ रहे हैं।कार्तिक ने इस नन्हें मेहमान की तस्वीर अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा- कटोरी...मुझे दोबारा प्यार हो गया। कार्तिक की इस नए मेहमान के साथ सामने आई तस्वीरों पर फैंस भी जमकर प्यार लुटा रहे हैं।

## टीवी मसाला

# चोटिल होने के बाद टूट गया था आत्मविश्वास

मुंबई। अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्य का कहना है कि 'बिग बॉस' के घर में रहने के दौरान चोटिल होने के बाद उनका आत्मविश्वास 'पूरी तरह से टूट गया' था। देवोलीना की पिछले शुक्रवार को मुंबई के नानावती अस्पताल में 'नर्व डीकम्प्रेशन (तंत्रिका विसंपीड़न)' सर्जरी हुई थी। हाल ही में समाप्त हुए 'बिग बॉस' के 15वें सीजन में वाइल्ड कार्ड एंट्री के रूप में प्रवेश करने वाली देवोलीना रियलिटी शो के एक टास्क के दौरान घायल हो गई थीं। टास्क में देवोलीना को कई घंटों तक खंबे पर खड़ा होना था। देवोलीना ने सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अस्पताल में बिताए गए समय, ठीक होने की प्रक्रिया और वापस घर लौटने के बारे में बताया है। देवोलीना ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेरा 'बिग बॉस' के 15वें सीजन का सफर एक रोलर कोस्टर राइड (उतार-चढ़ाव वाला) था। मैं इस दौरान मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से बहुत उतार-चढ़ाव से गुजरी। जैसा कि आप सभी जानते हैं, मैं पोल टास्क के दौरान घायल हो गई थी। बिग बॉस से बाहर आने के बाद मुझे तत्काल नर्व डीकम्प्रेशन सर्जरी करानी थी। वह समय ऐसा था, जब मेरा आत्मविश्वास पूरी तरह से टूट गया था और मुझे नहीं पता था कि मेरी मां या भाई के बिना इससे कैसे निपटना है और इसके बारे में सोचने का समय नहीं था। इसलिए, मैंने तुरंत सर्जरी करवाई।'



# 'रक्तांचल 2' का ट्रेलर आया सामने

मुंबई। निकितिन धीर और माही गिल अभिनीत 'रक्तांचल 2' के निर्माताओं ने आगामी श्रृंखला का ट्रेलर जारी किया है। एमएक्स ओरिजिनल सीरीज 'रक्तांचल 2' 90 के दशक की शुरूआत की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है जब यूपी की राजनीति की पूरी गतिशीलता से बदलने वाली थी। अपनी यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, निकितिन कहते हैं कि वसीम की भूमिका निभाना हमेशा कठिन रहा है। यह चरित्र बहुत जटिल है। यूपी की बोलियां सीखने से लेकर राजनेता के रूप में भूमिका निभाने तक, मैंने इस किरदार को अपना सर्वश्रेष्ठ शॉट दिया है। मैं केवल यह आशा करता हूं कि दर्शक मेरी भूमिका की उतनी ही सराहना करें, जितनी उन्होंने पहले सीजन में सराही थी।




# नवाजुद्दीन ने अपनाया लेडी लुक ...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी उन सितारों में से एक है जो जल्द से जल्द अपने किसी भी किरदार में खुद को ढाल लेते हैं। उनके अंदर का यही स्पेशल टेलेंट उन्हें बाकी लोगों से अलग बनाता है। इन दिनों एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म टीकू वेड्स शेरू के लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने भी मजेदार लेडी लुक अपनाया है। कंगना रनौत ने एक्टर की ये फोटोज अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की। उन्होंने नवाजुद्दीन के इस लुक पर कमेंट करते हुए लिखा था 'इतनी हॉट', वहीं दूसरे में लिखा 'बिजली गिराने मैं हूं आई'। नवाजुद्दीन की ये तस्वीरें देख लगता है एक्टर फिल्म में वाकई बिजली गिराने वाले हैं। उनका यह फनी लुक फिल्म में उनके मजेदार कैरेक्टर की झलक दिखा रहा है।





# हुई उप्स मूमेंट का शिकार...

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान को जिम के बाहर स्पॉट किया गया। इस दौरान सारा उप्स मूमेंट का शिकार हो गई। इसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में सारा जिम के बाहर कार से उतरती हुई नजर आ रही हैं, तभी उनकी शॉर्ट्स थोड़ी नीचे खिसक जाती है। इसके बाद सारा शॉर्ट्स को ऊपर खिसकाते नजर आती हैं। इसके बाद सारा कैमरे के सामने पोज देकर चली जाती हैं। इस वीडियो को देखने के बाद लोगो ने सारा को ट्रोल तो किया है। सारा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार आनंद एल. राय के निर्देशन में बनी फिल्म 'अतरंगी रे' में अक्षय कुमार और धनुष के साथ नजर आई थी। इस फिल्म में उनके एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई। फिल्म को लोगों ने बहुत पसंद किया। अब सारा अपनी अगली फिल्म को लेकर व्यस्त है, वो इन दिनों विक्की कौशल के साथ एक फिल्म में काम करती दिख रही है।

# हृदय को शक्तिशाली बनाने में मदद करता अनार का जूस

*हृदय को शक्तिशाली बनाने, मूर्छा एवं खांसी को दूर करने के लिए अनार का सेवन करना चाहिए। यदि आमाशय में जलन हो एवं मूत्र करते समय अवरोध हो तो अनार दानों का शरबत बनाकर पीना चाहिए। अनार आमाशय को बलवान बनाने में सहायक होता है।*

### पीलिया ठीक करने में सहायक

मीठे अनार के दानों का पचास-साठ ग्राम रस रात को खुले स्थान में लोहे के पात्र में रख दें। प्रातःकाल उसमें उचित मात्रा में मिश्री मिलाकर पिएं। रोग-स्थिति के अनुसार एक-दो सप्ताह तक ऐसा करने से पीलिया दूर हो जाएगा।

### पेट दर्द से मिलती राहत

अनार के दानों में थोड़ा-सा सेंधा नमक तथा पिसी हुई काली मिर्च मिलाकर खाने से पेट दर्द दूर हो जाता है। जिन लोगों के पेट में निरंतर दर्द रहता हो, वे कुछ दिनों तक लगातार इस विधि से अनारदानों का सेवन करें। इससे भूख खुलकर लगेगी और पेट दर्द दूर हो जाएगा। मीठे अनार के चालीस-पचास ग्राम दानों में पिसी काली मिर्च मिलाकर खाने से भी पेट दर्द दूर होता है।

### पेचिश से आराम

अनार के पन्द्रह ग्राम सूखे छिलके और फूल वाली दो लौंग-दोनों को पीसकर एक गिलास पानी में अच्छी तरह उबालें। जब पानी आधा रह जाए, तो उसे छानकर तीन खुराक करके पिएं। दस्त और पेचिश में आराम हो जाएगा।



### गंजापन से छुटकारा

मीठे अनार के पत्तों को पानी में पीसकर सिर पर लेप करने से कुछ ही दिनों में गंजापन दूर हो जाता है। अनार के पत्तों का रस नित्य नाखूनों पर रगड़ते रहने से नाखूनों का टूटना बंद हो जाता है। रस मलने के बाद तुरंत हाथों को नहीं धोना चाहिए।

## पनागर में 3 दिन बाद बजनीं थी शहनाईयां

# 15 लाख के चकर में नहीं पड़े 7 फेरे

**जबलपुर, यशभारत। पनागर थाना अंतर्गत दहेज प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिसमें बैंक में कार्यरत युवक ने सगाई होने के बाद 15 लाख रुपए की डिमांड करते हुए शादी में कार की फरमाईश की। लेकिन जब युवती के पिता ने कहा कि यह बात तो पहले नहीं हुई थी, तो 3 दिन बाद होने वाली शादी पल भर में तोड़ दी। जिसके बाद होने वाले दूल्हा और उनके परिजनों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, विवेचना में लिया है।**



जानकारी अनुसार हेमराज विश्वकर्मा ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि उनकी भतीजी की शादी तीन दिन बाद अभिषेक मलिक से होने वाली थी, अभिषेक यूको बैंक में कार्यरत है। सगाई होने के बाद लड़के के पक्ष के रिश्तेदारों ने अचानक दहेज की डिमांड कर दी। उनका कहना है कि लड़का अच्छी नौकरी में है, यदि दहेज में पंद्रह लाख और कार देंगे तभी शादी होगी, अन्यथा नहीं होगी। पीड़ित ने बताया कि शादी को लेकर तमाम तैयारियाँ हो चुकीं है, जिसमें उनकी बड़ी रकम फंस गयी, लेकिन अब अभिषेक मलिक के परिजन बीच में ही शादी तोड़ रहे है। ऐसे में उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी दांव पर लग गयी है। पुलिस ने मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

### कम दहेज मिला तो पत्नी को घर से निकाला

जबलपुर, यशभारत। थाना सिहोरा में दहेज प्रकरण का मामला सामने आया है। मिलने पर पति ने सात जन्मों का वायदा कर, कुछ महिनों में ही पत्नी को घर से बाहर का रास्ता दिखा दिया। थाने रोते हुए पहुंची पीड़िता ने कहा कि उसने बाजार से राशन लाने कहा था, जिसपर पति ने कम दहेज मिलने की बात कहकर उसे प्रताड़ित किया और ससुराल से निकाल दिया। जिसके बाद वह मायके में रह रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार श्रीमती अंजली मिश्रा 31 वर्ष निवासी ग्राम घाना कला सिहोरा ने लिखित शिकायत की उसकी शादी अप्रैल 2021 को हिन्दू रीति रिवाज से पौड़ा निवासी विनय प्रकाश मिश्रा के साथ हुई थी। शादी के लगभग 2 माह बाद से पति उसे छोटी छोटी बातों पर प्रताड़ित करने लगा। पति कम दहेज मिलने का कहकर उलाहना देते हुये उसे अपमानित किया। इतना ही नहीं जब उसने पति से राशन व कुछ सामान लाने की बात की तो पति ने उसे मारपीट कर घर से बाहर यह कहते हुये निकाल दिया कि दोबारा यहां आई तो जान से खत्म कर दूंगा। तभी से मायके में रह रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## फिल्म हेराफेरी की तर्ज पर जालसाजी

# रकम दोगना करने का लालच देकर डकार गए 7 लाख

**जबलपुर, यशभारत। अभिनेता अक्षय कुमार, शुनील सेटट्री, परेस रावल और अभिनेत्री विपाशा बसु एवं अन्य कलाकारों की बहुचर्चित फिल्म हेराफेरी की कहानी तो सबको याद होगी। इसी कहानी की तर्ज पर दो जालसाजों ने सैकड़ों लोगों को रकम दोगुना करने का लालच देकर उसने लाखों रुपए हड़प लिए। हांलाकि इस प्रकरण का खुलासा एनईएस परिसर में रहने वाले हाथीताल निवासी आशीष चौहान ने लार्डगंज थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए किया है। जिनसे जालसाजों ने सात लाख रुपए की ठगी की है। लेकिन जब पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि उक्त आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भोपाल से लेकर शहर तक जालसाजी के प्रकरण दर्ज है। जिनकी तलाश जारी है।**




### चिटफंड कंपनी बनाकर बनाते है बेवकूफ, पहले भी दर्ज है थानों में प्रकरण

लार्डगंज पुलिस के मुताबिक एनईएस कॉलेज परिसर हाथीताल निवासी आशीष चौहान ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका पाल कम्पाउंड गोरखपुर में मकान है। जिसमें उनका आफिस है। ऊपर वाली मंजिल खाली रहती है। इसे वह किराए पर चलाता है। दिसंबर 2019 में राकेश सिंह और राकेश गुप्ता मिले। दोनों ने ऊपर वाली मंजिल किराए पर खुद के रहने के लिए मांगा। दोनों ने उनके व्यवसाय के बारे में भी पूछा, तो उसने बता दिया। दोनों ने बताया कि वे निवेश कंपनी के डायरेक्टर हैं। उनकी कंपनी का ऑफिस नागल हाउस मानस भवन के पास है। उसने 15 हजार रुपए महीने किराए पर मकान की ऊपरी मंजिल दे दी। राकेश सिंह व राकेश गुप्ता ने सहयोगी संदीप उईके के साथ किरायानामा लेखबद्ध कराते हुए नोटराईज किराया था। इसके बाद राकेश गुप्ता, राकेश सिंह, उमेश गुप्ता और संदीप उइके उसके मकान की उपरी मंजिल वाले ब्लाक में रहने लगे।

#### 2020 में झांसे में फंसाया

जानकारी अनुसार उसकी अक्सर राकेश गुप्ता के भाई उमेश गुप्ता और संदीप उइके से बातचीत होती रहती थी। तेवर निवासी गोविन्द पटेल भी आये दिन इनके पास आकर रूकता था। जनवरी में उमेश गुप्ता, संदीप उइके और गोविन्द पटेल मिले। बोले कि उसके भाई राकेश गुप्ता और राकेश सिंह की कम्पनी अच्छा प्राफिट कमा रही है। जबलपुर के लोगों को कंपनी में पैसा लगाकर अच्छा फायदा मिल रहा है आप क्यों नहीं कंपनी में पैसा लगाकर मुनाफा ले रहे हो। हालांकि तब उसने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया।

#### ठाठ-बाठ देखकर वह झांसे में आ गया

पीड़ित से आरोपी अक्सर मिलकर पैसा लगाने की कहते थे, उनकी बातों मे आकर पीड़ित 20 जनवरी 2020 को उनके आफिस नागर हाउस राईट टाउन गया। वहां उसे राकेश गुप्ता तथा राकेश सिंह कंपनी डायरेक्टर के चैम्बर में बैठे मिले। इन लोगों ने उसे पूरा आफिस घुमाया और दिखाया। उससे कंपनी में पैसा निवेश करने के लिए कहा। इन लोगों के आफिस और ठाठ-बाठ देखकर वह झांसे में फंस गया। उसने उसी दिन मास्टर ट्रेड कंपनी के नाम से बैंक आफइंडिया के चेक द्वारा 7 लाख रूपये दे दिए। जिसके बाद आरोपी 2021 में वहां से मकान खाली कर गायब हो गए। इतना ही नहीं, उसका 2 माह का किराया और 6500 रुपए बिजली बिल भी नहीं दिया। वह नागर हाउस राईट टाउन स्थित उनके आफिस पहुंचा तो वह भी बंद मिला। फोन से संपर्क किया, पर वे पैसे लौटाने का आश्वासन ही देते रहे। इस कंपनी ने इसी तरह कई लोगों के पैसे हड़प लिए हैं।

#### भोपाल, सिवनी-छिंदवाड़ा, ओमती में अनेक लोगों से हड़पे लाखों रुपए

इस कंपनी ने सिवनी और छिंदवाड़ा में भी इसी तरह से लोगों से ठगी की है। दोनों ही जिले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। लार्डगंज पुलिस ने मामले में राकेश गुप्ता, राकेश सिंह, संदीप उइके, उमेश गुप्ता, गोविंद पटेल के खिलाफकंपनी में निवेश करने पर 400 दिन में 4 गुना पैसे देने का झांसा देकर 7 लाख की ठगी मामले में धोखाधड़ी व अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

#### इन्होंने कहा-

लार्डगंज में ठगी का मामला दर्ज किया गया है। आरोपी बहुत शातिर है जो चिटफंड कंपनी में पैसे दोगुने करने का लालच देकर लोगों को बेबकूफ बनाते है। पूर्व में भोपाल के अयोध्या नगर थाने में भी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज है जिसमें वह जमानत पर है। इतना ही नहीं ओमती में भी पूर्व में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।

**-प्रफुल्ल श्रीवास्तव**
**थाना प्रभारी लार्डगंज**

## रांझी में किशोरी का अपहरण

जबलपुर, यशभारत। रांझी थाना अंतर्गत वंशकार मोहल्ला से शुक्रवार की रात एक 16 साल की नाबालिग घर से बिना बताए अचानक गायब हो गई। जब परिजनों ने आसपास पता किया तो कहीं पता नहीं चला। जिसके चलते परिजनों ने किशोरी की सहेलियों और रिश्तेदारों से संपर्क किया, लेकिन जब कहीं सुराग नहीं मिला तो थकहार-कर थाने में शिकायत की। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कविता वंशकार उम्र 28 साल पति राकेश वंशकार ने शिकायत में बताया कि वह वंशकार मोहल्ला, रांझी की निवासी है। दरमियानी रात को वह अपने पति के साथ बाहर गई हुई थी, जब वापस आई तो उसकी बेटी घर से गायब थी। यहांवहां पता किया लेकिन कहीं उसकी बेटी का सुराग नहीं मिला। उसे शक है कि कोई अज्ञात उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर घर से ले गया है।

#### बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन में पुलिस की नजर

मामले की शिकायत होने के बाद मुस्तैद पुलिस किशोरी को खोजने लगातार प्रयासरत है। जिसके चलते शहर के बस स्टेंड, रेलवे स्टेशनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही किशोरी के मोहल्ले वालों, दोस्तों और रिश्तेदारों के बयान लिए जा रहे है। यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि किशोरी को ले जाने वाला कोई परिचित ही है। लिहाजा पुलिस हर एंगल से मामले की बारीकी से जाचं पड़ताल कर रही है।

## बीमारी से हार गया आरक्षक का पिता

### मालगाड़ी के डिब्बे में किया सुसाइड जीआरपी पड़ताल में जुटी

**जबलपुर, यशभारत** । पश्चिम मध्य रेल के सिंगरौली रेल खंड के अंतर्गत आने वाले गोंदावली स्टेशन में मालगाड़ी के खाली डिब्बे में 45 वर्षीय अधेड़ की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा जीआरपी को दी गई। प्रारंभिक जांच में शव के पास मिले सुसाइड नोट में गंभीर बीमारी का जिक्र है। मृतक ने लिखा है कि वह अब जीना नहीं चाहता। जीआरपी मामले की जांच में जुटी है। जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक गुना जिले के जमनेर थाने का रहने वाला है। उसका बेटा जामनेर थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं, जीआरपी के अनुसार मृतक 3 फरवरी को अपने घर में बिना किसी को बताए निकला हुआ था। परिजनों द्वारा उसकी काफी तलाश की गई किंतु जब उसका कहीं भी कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित पक्ष द्वारा जामनेर थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जीआरपी ने बताया कि कोटा से चलकर गोंदावाली स्टेशन पहुंची मालगाड़ी के टीएनएस 50 में एक लाश मिली थी। जीआरपी को मृतक के पास एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उल्लेख किया गया है कि वह करीब 15 साल से किसी गंभीर बीमारी से परेशान था जिसके कारण उसने आत्मघाती कदम उठाया है । जीआरपी ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

## सूने घर से लाखों के सोने-चाँदी के जेवरात चोरी

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना क्षेत्र के शास्त्री वार्ड में एक सूने घर का कुंदा तोड़कर चोर लाखों के सोने व चांदी के जेवरात ले उड़े। जिस वक्त यह घटना हुई पूरा परिवार शहर के बाहर गया हुआ था और जब वापस आए तो गेट का कुंदा टूटा हुआ देखकर आवक रह गए। जिसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोहम्मद शाबिर उम्र 59 वर्ष निवासी शास्त्री वार्ड गोहलपुर ने बताया कि वह सपरिवार 28 जनवरी से लेकर 31 जनवरी 2022 के बीच बाहर गया हुआ था। उसे फोन पर पड़ोसी ने सूचना दी कि उसके घर का कुंदा टूटा है। जब वह वापस आया तो देखा कि घर का पूरा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी में रखे हुए सोने चांदी के जेवरात गायब थे। जिनकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। पुलिस बारीकी से मामले की छानबीन कर रही है।



### गोहलपुर में गेट का कुंदा तोड़कर दिया वारदात को दिया अंजाम

## फैक्ट्री कर्मचारी के क्वॉटर में चोरी : ताला तोड़कर जेवरात और नगदी ले उड़े चोर

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत फैक्ट्री कर्मचारी के क्वॉटर से दिनदहाड़े जेवरात और नगदी पार कर, आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस अब चोरों का पता लगाने सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। जानकारी अनुसार शोभित तिवारी 32 वर्ष निवासी वेस्टलेण्ड खमरिया ने पुलिस को बताया कि वह खमरिया फैक्ट्री में नौकरी करता है। उसकी फैमली गांव में रहती है। वह फैक्ट्री के क्वॉटर में एक माह पहले शिफ्ट हुआ है, रोजाना की तरह क्वाटर में ताला लगाकर ड्यूटी गया था और शाम को डियूटी से घर वापस आया तो देखा दरवाजे का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा तो आलमारी का लॉकर टूटा था । लॉकर में रखी सोने की 2 अंगूठी, चैन, घड़ी, नगदी 23 हजार रूपये गायब थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित 40 हजार रूपये कीमती गहने चुरा ले गया ।

## गांजा लेकर बेचने की फिराक में खड़ा था तस्कर, पहुंच गयी पुलिस

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर थाना अन्तर्गत गांजा बेचने की फिराक में खड़े एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया। तस्कर यहां ग्राहक को गांजा सप्लाई करने जा रहा था, लेकिन ग्राहक के पहले ही पुलिस पहुंच गयी। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि पुत्तू लाल कंपाउंड के पास एक युवक संदिध हालात में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जब दबिश दी तो युवक दौड़ कर वहाँ से भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोचा और तलाशी ली तो उसके पास से एक किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस आरोपी गगन भगत भर्तीपुर निवासी से पूछताश कर पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह गांजा कहाँ से लाता है और कहाँ सप्लाय करता है। पुलिस क्षेत्र में सक्रिय अन्य गांजा तस्करों के बारे में भी पतासाजी कर रही है।

यश भारत के सफलतम 15 वर्ष पूर्ण होने और 16वें वर्ष में प्रवेश पर यश भारत की हमारी पूरी टीम को

शुभकामनाएं और बधाई



प्रतापसिंह मरकाम
(थाना प्रभारी, कुण्डम)
जिला - जबलपुर

GYAN GANGA GROUP OF INSTITUTIONS

GGITS Branches Accredited by NBA ECE,ME

Gyan Ganga Institute of Technology & Sciences
GGITS - Estd.2003

Gyan Ganga College of Technology
GGCT - Estd.2006

Gyan Ganga College of Excellence
GGCE - Estd.2018

HELPLINE
for B.Tech. & M.Tech. : 9425323089, 8770641558, 7000732288
for MCA : 9981246733
for MBA : 9583898188
for B.Pharmacy and D. Pharmacy : 91313036094
for B.Sc. | B.Com. B.B.A. | B.A. Polytechnic Diploma : 9826141915, 9340641103

Address : Tilwara Ghat, Bargi Hills, Jabalpur (M.P.) INDIA
Website : www.ggits.org | www.ggct.co.in | www.ggce.co.in, E-mail : registrar@ggits.org | registrar@ggct.co.in

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )